



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 349 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 18 सितम्बर 2024 डाक 19 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**सुनालिया ज्वेलर्स**
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद दिल्ली के मंत्री और आप नेता आतिशी दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना के आवास से निकलते हुए



**देश-विदेश**
चीनी नागरिक को झटका, सुप्रीम कोर्ट का जमानत देने से इनकार,नोएडा पुलिस ने दो साल पहले किया था गिरफ्तार



**फीचर पेज**
अपने चेहरे को प्राकृतिक रूप से बनाये रखना है तो फालतू की चीजों से बचें बच्चो




# करोल बाग में भरभराकर गिरी दो मंजिला इमारत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के करोल बाग इलाके में बुधवार सुबह दो मंजिला इमारत गिरने के बाद कुल आठ लोगों को बचाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका है और तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। डीसीपी सेंट्रल एम हर्ष वर्धन ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे बापा नगर इलाके से प्रसाद नगर पुलिस स्टेशन में एक इमारत गिरने की सूचना मिली। करीब 25 वर्ग गज एरिया की एक पुरानी इमारत गिरी है। अब तक आठ लोगों को बचाया गया है और अस्पताल भेजा गया है। आशंका है कि कुछ और लोग फंसे हो सकते हैं। स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ, दिल्ली फायर सर्विसेज और अन्य एजेंसियां बचाव अभियान चला रही हैं। अभी तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। कानूनी बचाव अभियान समाप्त होने के बाद कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पुलिस अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही है। दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री आतिशी ने जिला मजिस्ट्रेट को पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए आतिशी ने जनता से अपील की कि वे भविष्य में ऐसी घटनाओं की किसी भी संभावना के बारे में सरकार को सूचित करें।

आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, करोल बाग इलाके में घर गिरने की यह घटना बहुत दुखद है। मैंने जिला मजिस्ट्रेट को वहां रहने वाले लोगों और पीड़ितों को हर संभव मदद देने का आदेश दिया है, अगर कोई घायल हुआ है तो उसकी मदद करें। उन्होंने इलाज किया और इस हादसे के कारणों का पता लगाया। मैंने हादसे के संबंध में नगर निगम के मेयर से भी बात की है। इस साल बहुत बारिश हुई है, मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि अगर कोई संभावना हो निर्माण से जुड़ी कोई भी दुर्घटना हो तो तुरंत प्रशासन और निगम को सूचना दें, सरकार तुरंत आपकी मदद करेगी।

# लालू-तेजस्वी के खिलाफ समन, कोर्ट ने कहा- तेज प्रताप की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता



**पटना, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके दोनों बेटों तेज प्रताप और तेजस्वी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। तीनों को कोर्ट ने नौकरी के बदले जमीन से जुड़े घोटाले मामले में तलब किया है। घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अन्य आरोपियों को भी तलब किया गया है। कोर्ट ने सभी को सात अक्तूबर को पेश होने के लिए कहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छह अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, जिनमें से चार की पहले ही मौत हो चुकी है। दरअसल, दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लालू, तेजस्वी और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने कहा कि तेज प्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। उन्हें भी जमन जारी किया गया है। आरोप है कि रेलवे मंत्री रहते हुए लालू यादव इस घोटाले में शामिल थे। यह घोटाला 2004 से 2009 के बीच किया गया था, जहां कई लोगों को रेलवे के विभिन्न जोनों में ग्रुप-डी के पदों पर नौकरियां दी गई थीं। बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी एके इंफोसिस्टम के नाम कर दी थी। घोटाले का आरोप यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहे पवन बंसल के भांजे विजय सिंगला पर भी लगा है। मामले में भी सीबीआई ने विजय सिंगला समेत 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में विजय सिंगला पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है।

## फ्लाइट अब तीन दिन के बजाए सातो दिन, जनता को सौगात



*__रायपुर।__ देश के हवाई यात्रियों को 1 अक्टूबर से अहमदाबाद के लिए रोजाना सीधी फ्लाइट की सौगात मिलने वाली है। कंपनी ने शेड्यूल जारी कर टिकटों की बुकिंग करनी अभी से शुरू कर दी है। अब तक अहमदाबाद-रायपुर-अहमदाबाद सेक्टर में सप्ताह में तीन दिन ही फ्लाइट का संचालन किया जाता था। बजट एयरलाइन्स इंडिगो को डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविशन से अहमदाबाद-रायपुर-अहमदाबाद सेक्टर में संचालित फ्लाइट के रोजाना संचालन की अनुमति मिल गई है। इसके साथ ही कंपनी ने प्रस्तावित शेड्यूल के साथ टिकटों की बुकिंग भी शुरू कर दी है। इस फ्लाइट से एक अक्टूबर को अहमदाबाद जाने और आने की टिकटें 4500-5000 रुपए में उपलब्ध हो रही है। त्योहारी सीजन के साथ इस फ्लाइट के नियमित संचालन से प्रदेश का गुजरात के साथ व्यापार बढ़ेगा। पिछले करीब तीन वर्षों से इस उड़ान का संचालन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को ही किया जाता था।*

## गणेश विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी से हड़कंप कई लोग हिरासत में, सुरक्षा के तगड़े इंतजाम

**भिवंडी।** महाराष्ट्र के भिवंडी और राजस्थान के बारां में गणेश विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी का मामला सामने आया है। भिवंडी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पत्थर फेंके गए हैं। बताया जा रहा है कि घटना 12.30 बजे हुई। दो गुटों में टकराव की स्थित बनी, लेकिन कुछ देर में पुलिस-प्रशासन ने उसे कंट्रोल कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना में शामिल असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। आरोपियों की शिनाख्त कर उनकी गिरफ्तारी की तैयारी है। जॉइंट सीपी ज्ञानेश्वर चव्हाण ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि फिलहाल अतिरिक्त पुलिस बंदोबस्त इलाके में तैनात कर दिया गया है। घटना स्थल से कई लोगों के हिरासत में लिया गया है। जिनकी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है। राजस्थान के बारां में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में हड़कंप, मजदूर की लाश मिली, मजदूरों में आक्रोश

**बलौदाबाजार, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



जिले से हिरमी स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मजदूरों के विश्राम गृह के पास एक मजदूर की लटकी हुई लाश मिली है। इस घटना से प्लांट में हड़कंप मच गया। वहीं सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही मजदूर की लाश को रस्सी काटकर हटा दिया गया था। घटना के बाद से मजदूरों में आक्रोश फैल गया है और मजदूर कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। घटना की सूचना पर सुहेला पुलिस मौके पर पहुंच गई है और कार्रवाई में जुट गई है। नाम न छापने की शर्त पर मजदूरों ने मीडिया को बताया कि जब भी कंपनी में कोई घटना होती है तो कंपनी अक्सर उसे दबाने की कोशिश करती है और मजदूरों पर दबाव बनाती है।

साथ ही नौकरी से निकाल देने की धमकी भी दी जाती है, जिससे मजदूर भयभीत रहते हैं। आज की घटना में भी यही हुआ है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने के पहले ही रस्सी से लटकी मजदूर की लाश को नीचे उतारकर वहां से हटा दिया गया था। घटना के बाद सुहेला थाना पुलिस समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वहीं पुलिस मजदूरों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रही है. घटना के संबंध में एसडीओपी भाटापारा एश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि घटना हुई है पुलिस जांच में जुटी है।

## इंजीनियर ठगी के हुए शिकार, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर 35 लाख की चपत



**सरगुजा, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

सरगुजा में नेशनल हाइवे के सब इंजीनियर से युवक ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगी करने वाले युवक ने खुद को हिंदुस्तान पेट्रोलियम का अधिकारी बताया। ठगी करने वाले युवक ने अंबिकापुर एवं जशपुर में अन्य लोगों से भी इसी प्रकार की ठगी की है। इसकी जानकारी सब इंजीनियर को हुई तो उसने गांधीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। नेशनल हाइवे 43 संभाग कार्यालय अंबिकापुर में पदस्थ राजेंद्र तिग्गा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनकी पहचान फुंदुरडिहारी निवासी प्रवीण कुमार तिग्गा से काफी समय से थी। उसने स्वयं को हिंदुस्तान पेट्रोलियम का अधिकारी बताकर 2009-10 में पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी दिलाने का झांसा दिया। राजेंद्र तिग्गा ने बताया कि प्रवीण कुमार ने राजेंद्र तिग्गा से अपने और पत्नी के खाते में 5 लाख 81 लाख रुपए और नगद 30 लाख रुपए ले लिया। शिकायतकर्ता सब इंजीनियर राजेंद्र तिग्गा ने बताया कि प्रवीण कुमार तिग्गा ने साले प्रबोध कुमार टोप्पो के नाम से हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी का गैस एजेंसी का एलओआई भी प्रदान किया गया। आवेदक के भाई राजेश तिग्गा को भी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कंपनी का पेट्रोल पंप का एलओआई प्रदान किया गया। दोनों एलओआई के संबंध में कंपनी से जानकारी ली गई तो वे फर्जी निकले।

इस संबंध में पूछताछ करने पर प्रवीण कुमार तिग्गा ने संतोषप्रद जानकारी नहीं दी। शिकायतकर्ता सब इंजीनियर राजेंद्र तिग्गा ने बताया कि आरोपी युवक रिश्ते में पीड़ित सब इंजीनियर का भतीजा है। उन्हें प्रवीण कुमार तिग्गा पर शक नहीं हुआ, लेकिन उसके द्वारा जशपुर और सरगुजा में अन्य लोगों से भी ठगी की जानकारी मिली तो संदेह हुआ। वर्तमान में प्रवीण कुमार तिग्गा स्वयं को इंटरनेशनल फायनेंशियल इंटेलीजेंस का डिप्टी डायरेक्टर बताता है। उसने अपना आईडी भी इसी पदनाम का भेजा जा रहा है। मामले में शिकायत की जांच के बाद गांधीनगर पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार तिग्गा के खिलाफ धारा धारा 420, 467, 468 एवं 471 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## 01 बजे तक 36 फीसदी मतदान, वोटिंग के लिए कश्मीरी हिंदुओं का जोश हाई

**जम्मू-कश्मीर, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहा है। मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। पहले चरण के लिए 24 सीटों पर मतदान जारी है। मतदान के लिए सुबह से ही पोलिंग बूथ पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिल रहा है। 24 सीटों पर कई दिग्गजों की किस्मत आज ईवीएम में कैद हो जाएगी। सुबह 11 बजे तक 26 फीसदी मतदान हुआ है। जम्मू कश्मीर में धारा-370 हटने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। चुनाव के लिए राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले चरण के लिए जिन सीटों पर मतदान होना है उस पर कांग्रेस-नेकां गठबंधन, पीडीपी सहित कई अन्य दलों के उम्मीदवार चुनाव को रोचक बना रहे हैं।पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की मां गुलशन आरा ने अनंतनाग में एक मतदान केंद्र पर वोट डाला।

गुलशन आरा ने कहा कि मैं चाहती हूं कि जो भी सीएम बने, हालात सुधरने चाहिए। पद्दर-नागसेनी विधानसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार सुनील शर्मा ने कहा कि मैं मतदाताओं को बधाई देना चाहता हूं, जिस तरह से लोग अपने घरों से निकल रहे हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं, यह सब दर्शाता है कि लोगों का लोकतंत्र में बहुत विश्वास है और जिस तरह से लोग बड़ी संख्या में मतदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के लिए अच्छी खबर है। सुनील शर्मा ने कहा कि आपने देखा होगा कि जब भी यहां प्रतिशत कम होता था, तो कांग्रेस या नेशनल कॉन्फ्रेंस या पीडीपी जीत जाती थी।

## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा, जिरीबाम जिले के मैतई गांव पर उग्रवादियों का हमला



**इंफाल, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

मणिपुर में हिंसा की घटनाएं नहीं थम रही हैं। कुछ दिनों की शांति के बाद मंगलवार को जिरीबाम जिले में गोलीबारी की घटना घटी। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के मोंगबंग मैतेई गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला किया। इस दौरान उग्रवादियों ने गांव में गोलीबारी की। गांव की सुरक्षा में तैनात स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना मंगलवार शाम सात बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबल के जवान मौके पर पहुंचे। इस दौरान उग्रवादियों ने गांव पर कई राउंड गोलीबारी की।

## नवाब मलिक के दामाद कार दुर्घटना में घायल



**मुंबई 18 सितम्बर।** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता नवाब मलिक के दामाद की कार दुर्घटना का शिकार हो गई। जानकारी के मुताबिक, समीर खान कुर्ला में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। नवाब मलिक की बेटी और दामाद एक अस्पताल में नियमित जांच के बाद लौट रहे थे। मुंबई पुलिस ने बताया कि जब वे कार में बैठ रहे थे, तो कार चालक ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया और कार दीवार से जा टकराई। समीर खान के सिर में चोटें आई हैं और वह फिलहाल आईसीयू में हैं।

## कोई कांग्रेसी आया तो उसे दफना दूंगा, राहुल गांधी पर विवादित बयान देने वाले शिवसेना विधायक गायकवाड़ के फिर बिगड़े बोल

**मुंबई, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



राहुल गांधी पर विवादित बयान देने वाले शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने आज फिर गलत बयानी की है। गायकवाड़ ने कहा कि उनके कार्यक्रम में आने वाले किसी भी कांग्रेसी नेता को दफना देंगे। पत्रकारों से बात करते हुए गायकवाड़ को एक वीडियो में यह कहते हुए सुना गया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने जिले में महिलाओं के लिए सरकार की प्रमुख मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना के बारे में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। गायकवाड़ को गाली देते हुए सुना गया कि अगर कोई कांग्रेसी... मेरे कार्यक्रम में घुसने की कोशिश करेगा तो मैं उसे वहीं दफना दूंगा। बुलढाणा विधायक गायकवाड़ द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को इनाम देने की घोषणा ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था। विधायक ने आरक्षण प्रणाली को खत्म करने की राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए उनकी जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। विवाद के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने कहा, मैंने बयान दिया है। अगर मैंने माफी नहीं मांगी है, तो सीएम को ऐसा क्यों करना चाहिए। देश के 140 करोड़ लोगों में से 50 प्रतिशत आबादी को आरक्षण मिलता है और मैं आरक्षण हटाने की बात करने वाले व्यक्ति के बारे में दिए गए बयान पर अडिग हूं।

## छुट्टियों के बाद स्कूल खुला तो रसोई की बाल्टी में निकला किंग कोबरा, खाली हो गया पूरा विद्यालय!

**रामपुर।** तीन दिन के बाद बेसिक स्कूल खुले तो एक स्कूल के रसोई घर की बाल्टी में सांप निलकने पर खलबली मच गई। रसोइया बाल-बाल बच गई। बच्चे व शिक्षक घबराकर स्कूल के बाहर निकल आए। इसी बीच ग्रामीण स्कूल पहुंचे और उन्होंने डंडे के सहारे सांप को स्कूल से दूर जंगल तक पहुंचा दिया। इसके बाद सभी ने राहत महसूस की।यह मामला रामपुर में विकास खंड चमरौआ के गांव अहमद नगर खेड़ा का है। यहां गांव में सरकारी कंपोजिट स्कूल संचालित है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

मानसिक रोग विशेषज्ञ
**डॉ. ए.ए. खान**
मानसिक रोग विशेषज्ञ
Ex. RESIDENT PSYCHIATRIST, CIP, KANKE (RANCHI) & HOD-PSYCHIATRY, SECL, COAL INDIA
- सेक्स संबंधित समस्या
- मिर्गी, डिप्रेशन, माइग्रेन
- पागलपन, बेहोसी, सिरदर्द
- नींद की कमी, कान में आवाज आना
- बार -बार हाथ धोना, मंदबुद्धि
- उदासी, घबराहट, चिड़चिड़ापन
- गांजा, भांग, शराब की लत छुड़ाना
- बड़ी-बड़ी बाते करना

रविवार से गुरूवार
सुबह: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक
गरिमा मेडिको
विकास कॉम्पलेक्स, टी.पी. नगर कोरबा में उपलब्ध रहेंगे
91092 90994 | 62625 05094 | 93294 43994 | 88717 67994 | 89821 67994 | 62609 67994


## यूपी से बंगाल तक बाढ़ का कहर, सैकड़ों गांवों में घुसा पानी, वाराणसी में गलियों में हो रहा शवदाह

**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से उत्तर भारत के कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। उत्तर प्रदेश के 24 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यहां सैकड़ों गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। यूपी में गंगा, वरुणा और घाघरा नदी उफान पर हैं।गोंडा जिले के 35 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बलिया में भी बाढ़ से लोगों का जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। अयोध्या में सरयू नदी उफान पर है।

झारखंड और पश्चिम बंगाल के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। बिहार में भी बाढ़ की वजह से कई गांवों का संपर्क कट चुका है। ओडिशा में 250 गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है। बिहार में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से राघोपुर दियारा विधानसभा के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। यह तेजस्वी यादव की विधानसभा है। कई गांवों का मुख्य सड़कों से संपर्क टूट चका है। किसानों के सामने पशु चारे का संकट भी खड़ा हो गया है। जुड़ावनपुर थाना भी बाढ़ की जद में है। औरंगाबाद जिले में बटाने नदी की तेज धारा में मां और बेटा गए। वहीं तीन लोगों को बचा लिया गया है। सारण में हैजलपुर, बैकुंठपुर और लगुनिया गांव के नजदीक गंडक नदी में कटान जारी है। वैशाली में निर्माणाधीन सिक्स लेन पुल के साइट पर बाढ़ का पानी घुस चुका है।

# सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अगले महीने से भोजन की व्यवस्था होगी गैस सिलेंडर से, किए जा रहे प्रबंध

## संस्थानों में जलावन हेतु डीएमएफ से गैस सिलेंडर व रिफलिंग की होगी व्यवस्था,कलेक्टर ने तैयारियां पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को किया निर्देशित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को अपने विभागीय कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने एवं योजनाओं से आमजनों को प्राथमिकता से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों का भी समय सीमा के अंदर शासन के नियमानुसार निराकृत करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विगत माह जिले में आयोजित हुए ग्राम सभा में 10 हजार स्कूली बच्चों का आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु अनुमोदन किया गया है। सभी एसडीएम इन आवेदनों में शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए जाति प्रमाण बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में दस्तावेज के अभाव में जाति प्रमाण पत्र से वंचित विद्यार्थियों का आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति व ग्राम सभा से अनुमोदन कराकर उनका वास्तविक



जाति के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए।कलेक्टर ने एसडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि दस्तावेज के अभाव में जाति प्रमाण पत्र से वंचित विद्यार्थियों का पहचान कर उनके परिजनों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज की पूर्ति कराने की कार्यवाही करें। जिससे अगले माह ग्राम सभा का आयोजन कर इनके आवेदनों का अनुमोदन कराकर लाभान्वित किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी माह से जिले के सभी प्राथमिक और मिडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए गैस सिलेंडर का उपयोग किया जाएगा। इस हेतु जलावन के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से गैस सिलेंडर व रिफलिंग की व्यवस्था की जाएगी। इस हेतु खाद्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी व डीएमसी को 3 दिनों के अंदर एक माह में उपयोग में लगने वाले गैस सिलेंडरों की अनुमानित संख्या का निर्धारण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन के प्रावधान अंतर्गत जिले के गैस सिलेंडर से वंचित आंगनबाड़ी केंद्रों व आश्रम छात्रावासों में भी जलावन हेतु गैस सिलेंडर की व्यवस्था के लिए सम्बंधित अधिकारियों को प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए कहा।कलेक्टर ने कहा कि जिले में आगामी माह से सभी शासकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों व आश्रम छात्रावासों में गैस सिलेंडर से भोजन बनाना सुनिश्चित किया जाए। इस हेतु सम्बंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे स्कूल, आश्रम, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, उचित मूल्य दुकान, मैदानी शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण समय समय पर सुनिश्चित करें। साथ ही उन्हें ब्लॉक स्तर पर बनाए गए पोषण पुनर्वास केंद्र व पीवीटीजी द्वारा बनाए जा रहे पीएम आवास निर्माण कार्य का भी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### पीवीटीजी समुदाय के शत प्रतिशत लोगों को योजनाओं से करें लाभान्वित

कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत पीवीटीजी समुदायों के वंचित लोगों का आधार व आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य मे शीघ्रता से पूर्ण करने एवं शत प्रतिशत लोगो को लाभांवित करने के निर्देश दिए। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं, बिरहोर समुदाय के पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र से भी लाभांवित करने के लिए कहा। कृषि विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे किसानों का ई-केवाईसी, आधार व लैंड सीडिंग के कार्यो को भी शीघ्रता से पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को जिले में राशन वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत पर दुकान संचालक पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही उपभोक्ताओं के ई केवाईसी व नवीनीकरण कार्यो को भी शीघ्रता से पूर्ण करने की बात कही। कलेक्टर ने बैठक में आयुष्मान कार्ड, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण, गांवों में विद्युत की आपूर्ति, पहुँच विहीन स्कूल, छात्रावासों तक पहुँचने के लिए पहुँच मार्ग निर्माण, हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में साइकिल स्टैंड, पंचायतो में बाजार शेड का निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्कूलों में किए गए मरम्मत कार्यो का गुणवत्ता रिपोर्ट देने के लिए बनाई गई समिति को जल्द से जल्द जांच पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि शासकीय कार्यों के नाम पर जारी राशि की सरपंचों से वसूली की कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों का निराकरण के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन से संबंधित विभागों के रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वीकृत महत्वपूर्ण विकास कार्यों एवं जनहितकारी गतिविधियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों से कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागवार टीएल के लंबित प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी के आवेदनों , पीएम जनदर्शन सीएम जनदर्शन के शिकायतों, राजस्व न्यायालयों, नगरीय निकायों के अंतर्गत प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### जिला रोजगार केंद्र में प्लेसमेंट कैंप कल

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में 19 सितंबर को प्रातः 11 बजे प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से पीएचडीए ग्लोबल साल्यूशन्स एलएलपी रायपुर सम्मिलित हो रहा है। जिनके द्वारा राज्य एवं राज्य के बाहर योग्यताधारी आवेदकों का प्लेसमेंट किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैंप में बिजनेस प्रोसेस आउट सोर्सिंग के 100 पद, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के 100 पद, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट के 100 पद, सिविंग मशीन आपरेटर के 200 पद, हास्पिटल स्टाफ क्लिनिकल के 50 पद, हास्पिटल स्टाफ नान क्लिनिकल के 50 पद, पैथोलाजी स्टाफ 50 पद, मार्केटिंग स्टाफ (मेडिकल सेक्टर)- 25 पद, एक्जिक्यूटिव (आफिस एवं रिशेप्सनिस्ट) फील्ड स्टाफ/पीआरओ (मेडिकल सेक्टर) 10 और हाउसकीपिंग स्टाफ (हास्पिटल) के 50 पद पर प्लेसमेंट किया जायेगा। इच्छुक योग्यताधारी आवेदक उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### मनाई गई आदिशिल्पी भगवान की जयंती

**कोरबा।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह पावर प्लांट में विश्वकर्मा जयंती का समारोह धूमधाम से मनाया गया। वर्कशॉप एवं टरबाइन बीओपी संभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्री श्री 108 विश्वकर्मा बाबा की जयंती पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। वर्कशॉप में एकत्र होकर अधिकारी, कर्मचारी और ठेका श्रमिकों ने देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर परंपरागत विधि से पूजा-अर्चना की। इसके अलावा, औजारों और मशीनों की भी पूजा की गई। इस अवसर पर पूड़ी, सब्जी, हलवा और भोग का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। यह समारोह विश्वकर्मा भगवान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया गया, जिन्हें भगवानों के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है।

## पीएचई वापस करेगा एनटीपीसी को बची राशि

**कोरबा।** एनटीपीसी के सीएसआर से प्रभावित ग्रामो के लिए बनी पेयजल योजना को बंद किया जाएगा। पीएचई ने एनटीपीसी प्रबंधन को योजना की बची राशि को वापस करने पत्र लिखा है। 4 करोड़ 35 लाख की योजना में 2.50 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। खदान से पानी लेने की मंजूरी नहीं मिली तो काम को ही बंद कर दिया गया था। एनटीपीसी के राखड़ बांध से प्रभावित ग्राम पंचायत छुरी खुर्द, धनरास और पुनर्वास ग्राम गोपालपुर के लिए 10 साल पहले पेयजल योजना की मंजूरी मिली थी। एनटीपीसी ने 4 करोड़ 35 लाख मंजूर करते हुए राशि भी जारी की थी। निर्माण एजेंसी पीएचई ने प्रभावित ग्रामो में पानी टंकी बना पाइपलाइन बिछा दी, लेकिन दर्री से पानी सप्लाई करने की मंजूरी नहीं मिल पाई। पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता ए.के. बच्चन ने कहा हैं की एनटीपीसी से प्रभावित धनरास और छुरी खुर्द ग्राम पंचायत को जल जीवन मिशन से पानी की आपूर्ति होगी। दोनों पंचायत के ग्राम मल्टी विलेज योजना में शामिल हैं। इसके लिए पाइपलाइन बिछाने का भी काम चल रहा है। इस योजना को पूरे होने में अभी एक साल का समय लगेगा।

## सुपोषण की स्थिति को बढ़ावा देने वजन त्योहार मनाया जा रहा आंगनबाड़ियों में, डीपीओ ने जायजा लिया

**कोरबा।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में प्रतिदिन पोषण व स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही है। साथ ही जिले में 23 सितंबर 2024 तक सभी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 06 वर्ष के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापना,



पोषण स्तर की जांच एवं उनके अभिभावकों को पोषण संबंधित जानकारी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा करतला परियोजनांतर्गत कोटमेर क्लस्टर के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाए जा रहे वजन त्यौहार का निरीक्षण कर बच्चों के वजन का सत्यापन किया गया। उन्होंने क्लस्टर अंतर्गत उपस्थित कार्यकर्ताओं से पोषण माह अंतर्गत प्रतिदिवस किए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली एवं समस्त कार्यकर्ताओं को अपने केंद्रों के बच्चों की वजन की पोर्टल में ऑनलाइन एन्ट्री सही से करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कार्यकर्ताओं को शिशुवती माताओं व अन्य हितग्राहियों को पोषण के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य का उचित ध्यान रखने हेतु जागरूक करने की बात कही। कोरबा जिले में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विगत 15 दिवस में डैशबोर्ड में 1,07,003 गतिविधियों की एंट्री की गई। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को किए जा रहे शत-प्रतिशत गतिविधियों की ऑनलाइन एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कर्मी ने सुपरवाइजर पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र कोयला खदान में कार्यरत सुपरवाइजर पर निजता का हनन कर जान से मारने की धमकी एवं झूठे कारण बता कर काम से बैठाने की धमकी देने का आरोप कर्मी के द्वारा लगाया गया हैं। कर्मचारियों का भयादोहन करने के आरोप पर उचित कार्यवाही हेतु पुलिस से गुहार लगाई गई है।

शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक व कुसमुंडा थाना प्रभारी के नाम दिए आवेदन में बताया है कि वे सभी एक निजी कंपनी में विगत 9 महीनों से कार्यरत हैं। कंपनी में वे कोयला सैंपलिंग का काम करते हैं, वे सभी कंपनी द्वारा निर्धारित किए गये सभी नियम का विधिवत् पालन करते हैं परंतु विगत कुछ महीनों से कंपनी के सुपरवाईजर अपने पद का दुरूपयोग करते हुये लगातार उन्हें विभिन्न तरह के नियम कानून बताकर उसका पालन करने का दबाव बनाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। जब वे अपने कार्यस्थल पर पहुँचते हैं तब उन्हें अपने कार्य स्थल से अपनी छायाचित्र लेकर कंपनी द्वारा दिये गये व्हाट्सएप ग्रुप में डालने को कहा जाता है जो कि वे नियमित रूप से करते आ रहे हैं। अब सुपरवाईजर के द्वारा पूरी ड्यूटी के दौरान अपने व्यक्तिगत मोबाइल से कार्यस्थल का लाइव लोकेशन ग्रुप में डालने के लिए दबाव डाला रहा है, जबकि ऐसा कोई नियम वर्तमान में उक्त कंपनी में प्रभावशील नहीं है। आरोप लगाते हुए कहा गया की उसके द्वारा लगातार धमकी देते हुये मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले में उन्होंने कार्रवाई की मांग करी है।

## इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में केएन कॉलेज के खिलाड़ी छाए

### बैडमिंटन में बनाया प्रथम स्थान

**कोरबा।** बीते दिनों जिले में आयोजित इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूर्नामेंट में कमला नेहरु महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलाया। विजेता खिलाड़ी अब जिले की टीम के साथ राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में कोरबा का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेता खिलाड़ियों ने ट्रॉफी जीतने के बाद कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। प्राचार्य डॉ बोपापुरकर ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए आगामी प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर लौटने प्रेरित किया।

यह अंतर महाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय कोरबा में 12 सितंबर को आयोजित की गई थी। इसमें कमला नेहरु कॉलेज ने प्रथम और जिले की अग्रणी उच्च शिक्षण संस्था शासकीय ईवीपीजी कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में कमला नेहरु महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए होनहार खिलाड़ी एवं बीए प्रथम वर्ष के छात्र वेणु गोपाल ने सिगल्स व डबल्स स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी करण श्रीवास्तव ने डबल्स जीता और चैलेंज सिंगल्स के 7 में से 6 मैच जीतकर जिले में चतुर्थ रैंक प्राप्त किया।

बीबीए अंतिम के छात्र अमन अग्रवाल ने दो सिंगल्स बैडमिंटन स्पर्धा में जीत हासिल कर अगले चरण के लिए क्वालिफाई किया है। इसके अलावा बैडमिंटन टीम में उम्दा प्रदर्शन कर कॉलेज का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों में बीएससी द्वितीय वर्ष जीवविज्ञान के छात्र सैयद कबीर अली, बीए अंतिम के छात्र अंकित राजपूत, बीबीए अंतिम के छात्र अन्नी मलिक शामिल हैं, जो टीम के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोरबा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एसडीएम ने ली बैठक, दिया समस्याओं के निराकरण का आश्वासन

**कोरबा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत लगभग सैकड़ों ग्राम पंचायत में पिछले लगभग 7 वर्षों से हाथियों का आतंक बना हुआ है और लगातार हाथियों की संख्या बढ़ती जा रही है जिससे किसानों का जीना मुहाल हो गया है। आए दिन हाथी ग्रामीणों के ऊपर हमला कर रहे हैं और उनकी फसल को चट कर जा रहे हैं। जिससे क्षेत्र के किसान काफी चिंतित हैं जिसको लेकर दिनांक 16 सितंबर सोमवार को राष्ट्रीय अवकाश के दिन पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के नव पदस्थ एस डी एम तुला राम भारद्वाज, ने गो. गा .पा . के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ आवश्यक बैठक लेने के पूर्व उन्होंने अपना परिचय देते हुए, आए प्रतिनिधियों से अपना परिचय लिया, और बारी-बारी से गंभीर समस्याएं एवं मांगो के संबंध में जानकारी ली गई। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण मांग एवं गंभीर समस्या हाथियों के द्वारा मकान व फसल नुकसानी, करने के संबंध में किसानों ने अवगत कराया, जिस पर वनविभाग की ओर से आऐ ऐतमा नगर, रेंज के रेंजर देवदत्त खांडे, ने कहा कि फेसिंग तार, से किसानों की फसल को सुविधा प्रदान की जाएगी।

सुरेश पोर्ते, ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अचानक रात्रि के समय बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। जिस पर बिजली विभाग से आए एई दिनेश कुमार



पेंद्रो, ने बताया कि जब जब हाथियों का मोमेंट मिलता है जंगल एरिया में वहीं 11000 केवी लाइन, एवं 33000 केवी लाइन को स्थिति को देखते हुए कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद करना पड़ता है। तत्पश्चात अगर हाथियों का झुंड जंगल की ओर जाते ही बिजली आपूर्ति चालू कर दी जाती है, ग्रामीण ने वन विभाग से सोलर लाइट लगाने की मांग की जिसमें विभाग की और से आए केंदई रेंज के अभिषेक दुबे ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक मांग पत्र डीएफओ के नाम जारी करने पर विभाग के द्वारा सोलर लाइट लगाने का प्रावधान है। कोरबी,पसान, मोरगा, सिरमिना, पिपरिया, क्षेत्र की ग्रामीण क्षेत्रों में एमबीबीएस डॉक्टर की मांग की गई, जिससे पीएम कराने की सुविधा मिल सके। 75 किलोमीटर दूर से औने-पौने दामों में वाहन व्यवस्था कर पोड़ी उपरोड़ा, पीएम कराने हेतु लाया जाता है,जिसे एस डी एम भारद्वाज,ने इसे गंभीर समस्या कहा और शीघ्र उच्च अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। सहेतर सिंह ने बताया कि पोड़ी उपरोड़ा शासकीय चिकित्सालय में पूर्व से ही महिला चिकित्सक की नियुक्ति की गई है लेकिन उनका स्थानांतरण कटघोरा कर दिया गया है , जिसको संज्ञान में लेते हुए गंभीरता पूर्वक एसडीएम भारद्वाज, ने बीएमओ से जानकारी लेकर उसे वापस पोड़ी उपरोड़ा लाने की कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल ने यह भी बताया कि पोड़ी उपरोड़ा तहसील में पदस्थ शांति पांडे, के द्वारा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार, एवं मोटी रकम वसूली करने की शिकायत की गई, तथा उसे शीघ्र हटाने की मांग की गई, जिस पर एस डी एम ने मामले की जांच कर शीघ्र अनियंत्रित हटाए जाने का आश्वासन दिया। जलके क्षेत्र के जनता सदस्य दीपक सिंह उदय ने बताया कि तनेरा, ग्राम पंचायत में पिछले 7 माह से ग्रामीणों को नियमित खाद्यान्न सचिव एवं सरपंच के द्वारा नहीं दिया जा रहा है, जिसे एसडीएम भारद्वाज ने शीघ्र ही जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। रानी अटारी भूमि गत एस ई सी एल खदान में दर्जनों क्षेत्रिय मजदूरों का शोषण ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष रफीक खान ने बताया कि ठेकेदार ने 800 रुपए देने की बात कह कर मजदूरों 400 रुपए के दर से भुगतान कर रहा है,जिस पर एसडीएम ने कहा कि प्रबंधन की एक जिम्मेदार अधिकारी सब एरिया मैनेजर को एक लेटर जारी कर अनुविभागीय कार्यालय मे सभी प्रतिनिधि मंडलों के बीच में वार्ता होगी और मौके पर ही निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर तहसीलदार विनय देवांगन, नायब तहसीलदार, सुमन दास मानिकपुरी, शिवराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राय सिंह मरकाम, जनपद सदस्य दीपक उदय, गणेश मरपचची, सरपंच चंद्रपाल सिंह, मनोहर सिंह, सुरेंद्र कुमार सरपंच प्रतिनिधि जजगी, विद्वान सिंह ब्लॉक युवा मोर्चा अध्यक्ष छिंदिया , दिनेश केराम, अजीम खान, सहित पत्रकार एवं किसान उपस्थित थे।

### हत्याकांड : कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**कोरबा।** कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाले सीतामढ़ी क्षेत्र के कुंजनगर में 2 वर्ष पूर्व हुए हत्याकांड में शामिल होने का अपराध सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई हैं। उसमे शामिल दो नाबालिक युवकों को रिहा किया गया है। सुनवाई के दौरान बस्तीवासी बड़ी संख्या में न्यायालय परिसर में उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय हैं की 25 अगस्त 2022 की रात अंचल में एक दर्जन से ज्यादा लोगो ने घर में घुसकर एक युवक पर लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक कृष्ण यादव नामक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। उक्त घटना में बीच-बचाव में परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें आईं थी। हत्या के आरोप में 12 लोगो को गिरफ्तार किया गया था।

## देश ने कितनी प्रगति की, प्रदर्शन के माध्यम से विकास के आयामों को समझा लोगों ने

**कोरबा।** नगरीय क्षेत्र कोरबा के राजीव गांधी इनडोर ऑडिटोरियम में आज विकसित भारत-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना, थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके कर्तव्य निष्ठा के साथ देश के सर्वांगिण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को सुंदर छायाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

छायाचित्र प्रदर्शनी का विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजीत वसंत, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहित गणमान्य नागरिक पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में आमजनों ने प्रदर्शनी का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन वृतांत को सुंदर रूप से




दर्शाया गया है। जिससे प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को उनके जीवन की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही आमजनों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त होगी एवं वे योजनाओं से जुड़कर लाभ ले सकेंगे। कलेक्टर श्री वसंत ने भी केंद्र प्रवर्तित योजनाओं, कार्यक्रम तथा विकास के परिदृश्य पर आधारित फोटो प्रदर्शनी को सार्थक बताया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में लगे छायाचित्रों के अवलोकन से आमजनों को जीवन में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदर्शनी में साफ नियम सही विकास, ड्रीम बिग सोलर पॉवर, किसान समृद्धि, अभूतपूर्व विकास, अनुपम परिणाम, नारी शक्ति से देश की तरक्की, जनजातिय सशक्तिकरण एक नए युग का आरंभ, दिव्यांग जनों के सच्चे साथ, सदैव जनता के साथ, श्री राम मंदिर सदियों का संघर्ष, संस्कृति का उत्कर्ष, बापू का सपना किया साकार, स्वच्छ भारत ने लिया आकार, अंतरिक्ष शक्ति सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक प्रदर्शित की गई। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी में आए आमजनों को फोटो प्रदर्शनी के संबंध में पूरी जानकारी दी गई एवं शासकीय योजनाओं पर आधारित जनमन पत्रिका का आमजनों को वितरण भी किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रदर्शनी में उन्होंने देश के प्रधानमंत्री के जीवन की घटनाओं को नजदीक से जाना। साथ ही उनके द्वारा देश के सभी क्षेत्रों में विकास हेतु किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की भी जानकारी प्राप्त हुई। जिससे उन्हें अपने जीवन में कर्तव्यपथ पर अडिग रहकर निरंतर चलने की प्रेरणा मिली।

## एनटीपीसी कोरबा ने धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाई

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा ने आज अपने संयंत्र परिसर में विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। इस समारोह की शोभा श्री एस. पी. सिंह, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन), और श्री सोमनाथ भट्टाचार्य, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) ने पूजा के यजमान के रूप में की।

इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, जिनमें श्री अरनब मैत्रा, महाप्रबंधक (ऑपरेशंस × मेंटेनेंस), अन्य प्रमुख कर्मचारियों के साथ शामिल थे। इस समारोह में मैत्री महिला समिति (एमएमएस) की उपाध्यक्ष, श्रीमती कस्तूरी मैत्रा और एमएमएस के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। विश्वकर्मा पूजा पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न की गई और इसके बाद संयंत्र कैन्टीन में खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों और संयंत्र से जुड़े अन्य व्यक्तियों को समारोह में आमंत्रित किया गया और सामुदायिक भोजन का आनंद लेने के लिए बुलाया गया। यह वार्षिक कार्यक्रम एनटीपीसी कोरबा की सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने और विश्वकर्मा पूजा की



परंपरा को सम्मानित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो भगवान विश्वकर्मा, दिव्य वास्तुकार और शिल्पकार, की पूजा का प्रतीक है। इस अवसर पर कर्मचारियों, यूनियनों और संघों, मैत्री महिला समिति, टाउनशिप स्कूलों के प्रधानाचार्य, एजेंसी कार्यकर्ता, ठेकेदार और श्रमिक भी उपस्थित थे।

# सड़ने लगा है ऐतिहासिक बीमा तालाब का पानी

## करोड़ों खर्च करने के बाद भी नतीजा शून्य

**जांजगीर-चांपा।** भीमा तालाब में बोटिंग की सुविधा बंद पड़ी है। लाखों रुपए खर्च कर खरीदे गए मोटर बोट जंग सकते कबाड़ हो रहे हैं। तालाब के पानी का रंग प्रदूषित होकर हरा हो रहा है और पानी से अब लगातार बदबू आने लगी है।

आधे से ज्यादा खंभों के लाइट नहीं जल रहे। यह नजारा शहर के ऐतिहासिक भीमा तालाब का है जिसे संवारने के करोड़ से ज्यादा खर्च हुए हैं। लेकिन आज का नजारा लोगों के आंखों के सामने दिख रहा है उससे स्पष्ट नजर आ रहा है कि संवारने के बाद इसे उजड़ने के लिए जिम्मेदारों ने ही अपने हाल में ही छोड़ दिया है और अपनी आंखें मूंद ली है जिन्हें कोई मतलब नहीं है।

शहर के भीमा तालाब का पानी इस तरह हरे रंगे में नजर आ रहा, बदबू की वजह से निस्तारी भी नहीं हो रहीं। कमीशन खाने के लिए सबसे पहले वोटिंग मशीन की खरीदी की गई वह भी अब शुरुआती समय से ही बंद है। जिले के किसी शहर में मोटर बॉटिंग की शुरुआत होने वाले शहर में जांजगीर-नैला नगर पालिका का नाम था। तामझाम के साथ यहां भीमा तालाब में वोटिंग की सुविधा शुरू की गई थी। इसके लिए दी जेट मोटर बोट समेत पैदल बोट खरीदा गया था। लेकिन मनमाना किराया दर ने बोटिंग की सुविधा से लोगों को दूर कर दिया। कुछ समय के बाद लोग इससे दूर हो गए। लिहाजा बोटिंग बंद हो गई। आज लाखों का जेट मोटर बंद जंग खाते हुए तालाब में पड़ा है।

भीमा तालाब के चारों ओर करीब 20 लाख रुपए खर्च कर रंगीन लाइटें लगाई गई थी। आज इसमें भी कई खंबे के बल्ब खराब होने से लाइटें बंद रहती है। रंगीन नजारा अब गायब हो चुका है। सौंदर्याकरण की रौनकता खोने से अब यहां लोगों का आना भी कम होता जा रहा है। क्योंकि न तो मोटर बोटिंग की सुविधा चालू है और न ही कोई मनोरंजन का सुविधा। इधर विडंबना यह भी है कि करोड़ों खर्च होने के बाद शहर के ऐतिहासिक तालाब की स्थिति बहुत खराब हो गई है, उसके बावजूद जनप्रतिनिधियों को भी इससे कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा। पानी से भयंकर दुर्गंध भी आ रहा है। तेल जैसा पानी में घुला हुआ दिख रहा है। लेकिन इसके बाद भी आज तक नगरपालिका को यह नजर नहीं आया। पानी प्रदूषित हो रहा है तो क्यों हो रहा है यह भी जानने कभी कोशिश नहीं की जा रही। बोटिंग शुरू होने पर इस बात का अंदेशा जताया गया था कि पानी प्रदूषित हो सकता है।

## जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान दी

**जांजगीर - चांपा।** किरीत गांव के एक युवक ने कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली। युवक ने घर परिवार को अपनी पीड़ा बताने के लिए वीडियो बनाया था जिसमें अपनी पत्नी से हुए अनबन के लिए माफ़ी मांगते हुए कीट नाशक दवा का सेवन किया है। इलाज के दौरान मौत हुई है शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना के किरीत गांव का रहने वाला मुकेश कुमार धीवर (28) ने आठ साल पहले गांव के ही युवती से लव मैरिज किया था। दो बच्चे भी है। पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद उसकी पत्नी दो बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई है। पत्नी से दूर होकर पति ने अपने स्वजन से भी विवाद किया और पत्नी को मनाने की कोशिश की। मगर रिश्तों में सुधार नहीं आने पर युवक मुकेश कुमार ने आत्महत्या का रास्ता अपनाया। रविवार 15 सितम्बर की दोपहर 2.30 बजे से तीन बजे के बीच खेत में कीटनाशक दवा आल क्लियर लेकर पंहुचा। 200 एमएल एक ढक्कन में पी गया जिसके बाद तबीयत बिगड़ने लगी। स्वजन को जानकारी मिलने पर सीएचसी अस्पताल नवागढ़ में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। मगर उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। जिस पर स्वजन उसका निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे इस दौरान मंगलवार 17 सितंबर को मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव को स्वजन को सौंप दिया गया है।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रायगढ़**
**जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र.1**

निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2024-25 रायगढ़, दिनांक 04.09.2024 निविदा सिस्टम नं. 158255 (चतुर्थ आमंत्रण) जिसका जी.क्र. 242502256/3 दिनांक 06.09.2024 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है -

| S No. | Particulars | Previous Published | Amendment As |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid Start date & time (The date and time from which bidders start preparation/submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed.) | 11-09-2024 | 18-09-2024 |
| 2. | Bid Due date & time (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.) | 23-09-2024 | 30-09-2024 |
| 3. | Bid Open, Start date & time (The date of opening of Envelope- A & B online) | 24-09-2024 | 01-10-2024 |

नोटः- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग रायगढ़**
**जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

**जी-242502533/5**

**कार्यालय कलेक्टर जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़) एवं पदेन उपसचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**-::अधिसूचना ::-**

**क्रमांक/6019/भू-अर्जन/2024** **कोरबा, दिनांक 04.09.2024**

चूंकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के लिये कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित प्रयोजन के लिये आवश्यकता होने पर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के उपबंधो के अनुसार अधिग्रहण हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र में दिनांक 23 सितम्बर 2022 को प्रकाशित किया गया था। प्रकरण में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 21 की सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण तथा उसके पश्चात् विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने एवं निर्वाचन संबंधित कार्य में व्यव्त होने तथा आवेदक संस्था द्वारा प्रकरण के संबंध में रूचि नहीं लिये जाने के कारण निर्धारित समयावधि दिनांक 23 सितम्बर 2023 तक प्रकरण में अधिनिर्णय पारित नहीं किया जा सका है। अतएव अधिनियम की धारा 25 में वर्णित प्रावधान एवं प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उक्त अधिनियम में उल्लेखित प्रावधान अनुसार एक वर्ष समयवृद्धि की जाती है एवं जनसाधारण हेतु सूचना प्रकाशित/प्रदर्शित की जाती है।

**अनुसूची**

| भूमि का विवरण | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/ प.ह.नं. | कुल खसरा नंबर | कुल रकबा | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोरबा | गंगदेई व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण |
| कोरबा | दीपका | रंगबेल/ 60 | 49 | 3.179 | | |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से**
**तथा आदेशानुसार**
**(अजीत वसंत)**
**कलेक्टर, जिला कोरबा**
**एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन**
**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**जी-242502531/2**

# आत्मानंद स्कूल के बच्चों को तीन साल से नहीं मिल रहा गणवेश

**जांजगीर नैला।** जिला व ब्लाक मुख्यालय में संचालित हायर सेकेण्डरी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के बाद यहां के छात्र छात्रा निःशुल्क गणवेश वितरण योजना से वंचित हो गए है। दरअसल इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को लगातार तीन सत्र से यूनिफार्म नहीं मिल पा रहा है। जबकि अन्य सरकारी स्कूलों में गणवेश वितरण का कार्य निधि गति से जारी है।

जिला मुख्यालय जांजगीर सहित जिले के सभी ब्लॉक में दर्जन भर से अधिक स्वामी उत्कृष्ट हिन्दी एवं जीजी माध्यम विद्यालय संचालित है। इनमें जिला मुख्यालय जांजगीर चांपा पामगढ़ अकलतरा बलौदा,सारागांव अफरीद पौडीकल्ला आदि जगहों पर उत्कृष्ट विद्यालय चल रहे हैं। जहां पढ़ने वाले बच्चों की संख्या साढ़े 7 हजार से अधिक है। इन बच्चों को निशुल्क पुस्तके मिलती है। इसके आलावा छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना से भी लाभान्वित किया जा रहा है, लेकिन गणवेश वितरण चालू सत्र के अलावा बीते दो सत्रों से नहीं हो रहा है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार योजनाएं चलाई जा रही है और शासकीय स्कूलों से लोगों का मोह भंग ना हो इसको लेकर निःशुल्क पुस्तक के अलावा गणवेश प्रदान करने की योजना बीते कई सालों से चली आ रही है, लेकिन शासन की गणवेश वितरण योजना का लाभ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को नहीं मिल पा रहा है। विभागीय जानकारी के मुताबिक जांजगीर चांपा जिले में दर्जन भर के करीब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की यह योजना भाजपा शासनकाल में भी चल रही है, लेकिन विडंबना यह है कि आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को शासन से मिलने वाला गणवेश बीते तीन सालों से नहीं मिल पाया है। बताया जाता है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जब आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ किया गया, उसी दौरान पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को निःशुल्क गणवेश प्रदान किया गया था, इसके बाद से लगातार तीन शिक्षा सत्र से यहां के बच्चों को गणवेश नहीं मिल पा रहा है।

# बिजली आपूर्ति बाधित होने से अस्पताल में हुई समस्या

**सक्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले 30 घंटे से अधिक समय से बिजली बंद होने से अस्पताल में अंधेरा छाया हुआ है। जिसके कारण चिकित्सकीय कार्य प्रभावित हुआ। वहीं मरीजों और उनके स्वजन को अंधेरे में परेशानियों के साथ रात गुजारना पड़ा।

बिजली बंद होने से डाक्टरों के कमरे से लेकर मरीजों के वार्ड में अंधेरा छाया हुआ । इससे अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी महत्वपूर्ण जांच नहीं हो सके क्योंकि ये उपकरण बिना बिजली के काम नहीं करते। अंधेरे में कई डाक्टर और चिकित्सा कर्मी मरीजों का इलाज करते हुए नजर आए। वहीं अंधेरे के चलते कई मरीजों के उपचार में देरी हुई जिससे उन्हें परेशानी हुई। जिला मुख्यालय सक्ती का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। अस्पताल में पिछले 30 घंटे से अधिक समय से बिजली बंद है मगर इससे विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और प्रशासन को कोई सरोकार नहीं है। मरीजों और उनके स्वजन को अंधेरे में परेशानियों के साथ रात गुजारना पड़ा। बिजली बंद होने से डाक्टरों के कमरे से लेकर मरीजों के वार्ड में अंधेरा छाया हुआ । इससे अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी महत्वपूर्ण जांच नहीं हो सके क्योंकि ये उपकरण बिना बिजली के काम नहीं करते। अंधेरे में कई डाक्टर और चिकित्सा कर्मी मरीजों का इलाज करते हुए नजर आए। वहीं अंधेरे के चलते कई मरीजों के उपचार में देरी हुई जिससे उन्हें परेशानी हुई। अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे एक मरीज ने बताया कि उसने काफी देर से अस्पताल में उपचार के लिए इंतजार किया। लेकिन बिजली नहीं आने के कारण उसका उपचार नहीं हो सका। अब उसे दोबारा अस्पताल आना पड़ेगा।

## तहसीलदार व पटवारी ने किया है फर्जीवाड़ा

### लछनपुर की सरकारी जमीन की जांच पूरी, गड़बड़ी उजागर

**जांजगीर-चांपा।** लछनपुर की सरकारी जमीन में जांच तीन अधिकारियों ने मिलकर की। जिसमें कई तरह की खामियां उजागर हो गई। यदि एसडीएम ने इस पर कार्रवाई की तो तत्कालीन तहसीलदार व पटवारी की कुर्सी जा सकती है। गौरतलब है कि लछनपुर की सरकारी जमीन में बड़ी तादात में गड़बड़ी की गई है। उक्त सरकारी जमीन में कई लोगों ने कब्जा कर बे सकीमती जमीन को अपने नाम कर लिया था। मामले की शिकायत जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर ने की थी। जिसमें कलेक्टर ने जांच टीम बनाई थी। जांच टीम में संयुक्त कलेक्टर, अधीक्षक भू अभिलेख एवं राजस्व निरीक्षक को शामिल किया था। इन तीनों अधिकारियों ने मामले की जांच की। 13 तिसंबर को अधिकारियों ने जांच की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दिया है। जिसमें व्यापक तौर पर गड़बड़ी उजागर हो गई है। खसरा पांचशाला वर्ष 2005-6 से 2009-10 तक खबरा नंबर 1084/1.2.3 में कुल रकबा 3.25 यह है संदेह के दायरे मे उक्त भूमि मेसर्स बृजेश नेचुरल फाइबर एवं फेब्रिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर छोटे लाल अग्रवाल अतुल छोटे लाल अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, के भागीदार महेश मोदी, दीपक कुमार अग्रवाल, आनंद सोनी, कवल जीत कौर सलूजा, के पास पंजीकृत विक्रय पत्र 12 अगस्त 2023 अनुसार खसरा 1083/3 से लेकर अन्य खसरा कुल रकबा 6 एकड़ का विक्रय किया गया है। उक्त खसरा नंबर.80 एकड़ खसरा पांचसाला में दर्ज भूमि जो मिसल अभिलेख में दर्ज भूमि से अतिरिक्त भूमि विक्रय पत्र अनुसार विक्रय कर दिया गया है। यह कूटरचना की श्रेणी में आता है। जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद राठौर ने यदि इस मामले में यदि कलेक्टर से कार्रवाई की मांग करे तो कूटरचना करने वाले तत्कालीन तहसीलदार, तत्कालीन पटवारी पर निलंबन की गाज गिर सकती है। साथ ही जिन्होंने सरकारी जमीन में कब्जा किया है उन्हें उक्त भूमि से बेदखल कर सकता है। अब देखना यह है कि आगे राजस्व अधिकारी कूटरचना करने वालों पर क्या कार्रवाई कर रहे हैं। उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाना उचित प्रतीत होता है।

# मॉडल स्टेशन में आधा दर्जन सुपर फास्ट ट्रेनों का नहीं स्टॉपेज

## गाड़ी पकड़ने आज भी चांपा-बिलासपुर का लगाना पड़ता है चक्कर

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में रेल यात्रियों को गाड़ी पकड़ने के लिए बिलासपुर एवं चांपा शहर का चक्कर लगाना पड़ता है। इसे लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा फरियाद भी लगाई जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी हुई है।

गौरतलब है कि जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन धीरे-धीरे मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित होता जा रहा है, लेकिन अब तक आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का यहां स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में बड़ी गाड़ी पकड़ने के लिए रेल यात्रियों को चांपा एवं बिलासपुर शहर की दौड़ लगानी पड़ती है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन से रेल यात्री प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में बिलासपुर रायगढ़ कोरबा रायपुर भोपाल मुंबई दिल्ली चेन्नई नागपुर समेत अन्य शहरों की ओर व्यापारिक एवं अन्य. कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। ऐसे में ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है।

हालांकि ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर रेल संघर्ष समिति के द्वारा कई बार रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। एक तरफ देखा जाए तो जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रशासन को करोड़ों रुपए का राजस्व हर साल प्राप्त होता है

लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जिन सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में नहीं है, इनमें हावड़ा मुंबई मेल, हावड़ा पुणे, आजाद हिंद, दुर्ग राजेंद्र नगर साउथ बिहार, बिलासपुर पटना सुपर फास्ट, पुरी बीकानेर एवं पुरी वलसाड समेत अन्य कई बड़ी गाड़ियों का स्टॉपेज जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में नहीं है। इस समस्या को लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा प्रशासन की उच्च अफसरों को अवगत कराया गया है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से बनारी सिवनी नैला, जांजगीर शहर, धाराशिव, सुकली, दर्राभांठा, नवागढ़ शिवरीनारायण समेत अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रेल के माध्यम से आवाजाही करते हैं। इस तरह से देखा जाए तो सुपर फास्ट ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने से रेल यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्हें चांपा रेलवे स्टेशन से उतरकर जांजगीर आने में बस एवं आटो का सहारा लेना पड़ता है। इसके लिए उन्हें अधिक राशि भी खर्च करनी पड़ती है।



रायगढ़ चक्रधर समारोह में असम की लोक संस्कृतिः बिहू नृत्य की शानदार प्रस्तुति

## बिलासपुर में आज गरज-चमक के साथ हो सकती है बारिश

**बिलासपुर।** में 18 सितंबर यानी आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। वहीं मंगलवार को मौसम खुशनुमा बना रहा। सुबह से ही रिमझिम बारिश के बीच काले घने बादल छाए रहे। अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। शाम को शहर में अच्छी बारिश हुई।

मंगलवार दोपहर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। यह सामान्य से 3.2 डिग्री कम रहा। एक दिन पहले अधिकतम तापमान 29 डिग्री रहा। मौसम में बदलाव का असर तापमान में देखने को मिल रहा है। हालांकि, मौसम विभाग की माने तो मंगलवार को मौसम साफ होने के बाद तापमान में वृद्धि संभावित है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्व छत्तीसगढ़ और उससे सटे झारखंड के ऊपर बने अवदाब के चलते अगले 12 घंटों में इस क्षेत्र में मौसम और भी सक्रिय हो सकता है। यह अवदाब पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए चिन्हित निम्न दाब में परिवर्तित होकर उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और उससे लगे उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश की ओर बढ़ने की संभावना है।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202409050600010
रा.प्र.क्र./ब-121/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं. 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा अवस्थी पति स्व. प्रमोद कुमार अवस्थी निवासी प्लाट नंबर 53 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोसाबाड़ी कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 में ख.नं. 245/14 स्थित है, जिसमें भूखण्ड क्र.53 क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट को आवेदिका के पति प्रमोद कुमार अवस्थी द्वारा फ्री-होल्ड कराकर अपने नाम पर दर्ज करवाया गया था। प्रमोद कुमार अवस्थी की मृत्यु दिनांक 14.08.2024 को हो जाने के कारण वैध वारिस के हक से आवेदिकागण अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 10/10/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

# नो एंट्री फिर से लागू करने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट का किया घेराव

जांजगीर-चांपा । बलौदा से नैला मेन रोड तक नो एंट्री फिर से लागू करने की मांग को लेकर विधायक व जिपं सभापति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। साथ ही कलेक्टर को नो एंट्री पहले की तरह फिर से लागू करने की मांग की गई। बलौदा से नैला मार्ग तक नो एंट्री में बदलाव होने से क्षेत्र के जनताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने विरोध करते हुए मोर्चा खोल दिया। मंगलवार को अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जनपद अध्यक्ष, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। यहां कलेक्टर के मिलने विधायक ऑडिटोरियम पहुंच गए। जहां कलेक्टर से फिर से बलौदा पहित नैला मेन रोड में फिर से नो एंट्री

**चक्काजाम व न्यायालय जाने की दी चेतावनी**

जिपं सभापति कुसुम कमल साव ने भी सुबह 6 से रात 10 बजे बलौदा से नैला मेन रोड में नो एंट्री लागू करने की मांग की गई। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही मांग पर विचार नहीं किया गया तो मेन रोड में चक्काजाम किया जाएगा। साथ ही न्यायालय जाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। क्योंकि जिला प्रशासन द्वारा मजाक बनाकर रखा है, आम लोगों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। वहीं विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में ग्रामीणों के अनुसार आगे का निर्णय लिया जाएगा।

की मांग की गई। जिस पर कलेक्टर ने विधायक को समिति गठित कर निर्णय लेने की बात कहते लालीपोती कर दिया। इतने में विधायक इस आश्वासन के बाद बैरंग लौट गए। मांगों में सड़क चौड़ीकरण व नो एंट्री पुनः लागू करने का ज्ञापन अपर कलेक्टर एसपी वैद्य को सौपा।

## नहर में ग्रामीण की जल समाधि

**जांजगीर ।** सांसद का चुनाव लड़ चुके रेवालाल कुर्रे निवासी मोहतरा सेमरा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार की लाश नवागढ़ थाना अंतर्गत किरीत की बड़ी नहर में मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच की जा रही है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। मंगलवार सुबह किरीत की बड़ी नहर में एक व्यक्ति का शव पानी में बहते दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी नवागढ़ थाना दी। पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और शव को बाहर निकाला। व्यक्ति की फोटो आसपास के थाने और सोशल मीडिया में डाली गई। मृतक की शिनाख्त बलौदाबाजार जिले गिधौरी थाना अंतर्गत मोहतरा हाल सेमरा निवासी रेवालाल कुर्रे के रूप में हुई। तब उसके परिजन को सूचना दी गई। मृतक रेवालाल के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे।

## वीडियो बनाकर युवक पी गया कीटनाशक

**जांजगीर-चांपा।** कीटनाशक सेवन करने का युवक ने चार मिनट का पहले वीडियो बनाया। फिर उसे पी गया। दो दिन इलाज के बाद मंगलवार को उसकी मौत हो गई। इसका वीडियो बाते सोशल मीडिया में है। वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि पत्नी मायके चली गई थी। इससे युवक दुखी था और ऐसा कदम उठा लिया। नवागढ़ थाना अंतर्गत गांव किरीत निवासी मुकेश धीवर ने कीटनाशक दवा पीकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले युवक ने अपनी पीड़ा को बताते हुए कीटनाशक दवा पीने का वीडियो बनाया और आत्महत्या कर ली। युवक ने अपने वीडियो में अपनी पत्नी के साथ हुए अनबन के लिए माफी मांगते हुए परिजनों से भी माफी मांगी और खेत के बीच में कीटनाशक पी लिया। मुकेश ने 8 साल पहले गांव की ही एक एक यु युवती से लव मैरिज किया था। कुछ दिन पहले उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और उसकी पत्नी घर छोड़कर अपने दो बच्चों को साथ लेकर चली गई। पत्नी से दूर होकर पति अपने परिजनों से भी विवाद किया। पत्नी को मनाने की कोशिश कीए इसके बाद भी रिश्तों में सुधार नहीं आने पर युवक ने अपनी जीवन समाप्त करने की ठान ली और 15 सितम्बर को खेत में कीटनाशक दवा लेकर पंहुचा। जहां युवक ने अपना मौसा सहित परिवार के लोगों को अपनी पीड़ा बताई और अपनी पत्नी को भी अपने दिल की बात बताई।

**समझाने की कोशिश की पर नहीं मानी पत्नी**

मुकेश धीवर ने जहर पीने से पहले अपनी पत्नी को बार-बार समझाने की कोशिश भी किया और कहा इस वीडियो को देखने के बाद अपने प्यार का एहसास होने की उम्मीद जताई। वीडियो को बनाया इसके बाद परिजनों को भेज दिया। वीडियो को देखने के बाद परिवार के लोग खेत में पहुंचे और गंभीर युवक को उपचार के लिए नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान युवक ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। कोतवाली ने शून्य पर मर्ग कायम कर लिया है

# कलेक्टर एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने आज कलेक्टर कार्यालय परिसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारम्भ किया।

जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमे अपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए। जन-जागरूकता से ही जिला और देश स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगों को आज विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी।

स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के सभी जनपदों एवं ग्रामों में स्वच्छता रथ घूम घूम कर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं स्वच्छता संदेश, बैनर, पोस्टर, पांपलेट आदि




से ग्रामवासियों एवं व्यक्तियों को स्वच्छता के लिए जागरुक किया जाएगा। इसके साथ ही 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में प्रतिदिन कार्यक्रमों, रैली , प्रदर्शनी संगोष्ठि सम्मान के माध्यम से भी जनजागरूकता एवं अभिप्रेरणा लाने का प्रयास किया जायेगा । इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य। टिकेश्वर गबेल, अपर कलेक्टर । बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर। दुष्यंत रायस्त, परियोजना निदेशक । बी पी भारद्वाज, कृष्ण कांत चंद्रा, रामनरेश यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## परेशानी से बचना है तो तुरंत करे काम शुरू

**रायगढ़।** जिला मुख्यालय की सड़कों का बुरा हाल है। 30 करोड़ की लागत से बनने वाली 26 सड़कों के लिए बरसात से पहले टेंडर किया गया था, लेकिन काम शुरू नहीं हो पाया है। छह अन्य सड़कों के लिए सरकार ने 23 करोड़ की और स्वीकृति दी है, लेकिन इस कार्य के लिए अभी टेंडर की प्रक्रिया भी नहीं हो पाई है। आने वाले महीनों में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने से पहले यदि काम शुरू नहीं हो पाए तो फिर चुनाव तक काम शुरू ही नहीं हो सकेंगे।

**अनमोल वचन......**

**समर्पण के साथ किया गया हर कार्य सफल होता है।**

# घाटे का सौदा

गठबंधन के मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवतः इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को एकता का संदेश देना चाहते थे, लेकिन (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा। अब जाहिर है कि कांग्रेस नेतृत्व ने बिना होम वर्क किए आम आदमी पार्टी के सामने हरियाणा में गठबंधन करने का प्रस्ताव रखा। इस मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के प्रमुख पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवतः इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को संदेश देने के लिए हरियाणा के चुनाव का इस्तेमाल करना चाहते थे, लेकिन अपनी जीत के (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा। आखिरकार बात आगे नहीं बढ़ी। इससे इंडिया गठबंधन में कुल मिलाकर नकारात्मक माहौल बना है। आ.आ.पा. नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी को सम्मानजनक सीटें ना देने की जिद' किए कांग्रेस नेताओं को चुनाव नतीजा आने पर पछताना होगा। उधर अखिलेश यादव की टिप्पणी भी गौरतलब है। समाजवादी पार्टी के हरियाणा में चुनाव ना लड़ने का ऐलान करते हुए उन्होंने यह रेखांकित कर दिया कि प्रदेश विशेष में सबसे मजबूत पार्टी गठबंधन के स्वरूप के बारे में तय करे, वे इस सिद्धांत के अनुरूप यह निर्णय ले रहे हैं।

परोक्ष रूप से उन्होंने कहा है कि जब बात उत्तर प्रदेश की आएगी, तो वहां कांग्रेस नेताओं को भी इसी सिद्धांत के तहत सपा जो फैसला करे, उसे स्वीकार करना चाहिए। वहां कांग्रेस के उतने दावे को ही सपा स्वीकार करेगी, जो उसके मुताबिक भाजपा को हराने के मकसद से उचित होगा। कुल सूरत यह उभरी है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां भाजपा को हराने के मकसद पर तो एकमत हैं, मगर इसके लिए वे अपने सियासी हितों से समझौता करने को राजी नहीं हैं। इस कारण इस गठबंधन की एकता सीट बंटवारे जैसे मुद्दे को लेकर अनेकता में बदल जाती है। उधर कांग्रेस के बारे में सवाल उठा है कि क्या पार्टी की राज्य इकाइयां केंद्रीय नेतृत्व की प्राथमिकताओं से संचालित नहीं होतीं और क्या पार्टी में अंदरूनी संवादहीनता की स्थिति है। कांग्रेस नेतृत्व अगर आखिरी दौर में जाकर गठबंधन की पेशकश नहीं करता, तो ऐसे सवालों से बचा जा सकता था। आखिर आ.आ.पा. ने तो लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद कांग्रेस से गठबंधन खत्म करने का एलान कर दिया था। कांग्रेस ने ही ये मुद्दा फिर जिंदा किया।

# राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कही रूका हुआ पैसा वापस मिलेगा। आज आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ नयी योजना बनायेंगे, जिसका फायदा भी होगा। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगेगा। किसी प्रोजेक्ट को लेकर सीनियर से फोन पर बातचीत होगी।

**वृष राशिः** आज घर पर किसी रिश्तेदार के आने से परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। साथ में कहीं घूमने भी जायेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। सोचे हुए जरूरी काम समय पर पूरा हो जायेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कोई खुशखबरी मिलने से आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। आपको कुछ समय परिवार के लिए जरूर निकालना चाहिए। आज आप किसी काम में बहुत ज्यादा व्यस्त रहेंगे। दूसरों की कोई सलाह आपके लिए फायदेमंद सिद्ध होगी। बच्चों का मन आज पढ़ाई की अपेक्षा खेल-कूद में ज्यादा लगेगा।

**कर्क राशिः** आज माता-पिता की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। संतान की सफलता से आपको खुशी होगी। आपको गंभीर मामलों को शांति और बातचीत से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। आज आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं। साथ ही कोई भी फैसला जल्दबाजी में ना लें तो अच्छा रहेगा। विद्यार्थी पिछले दिनों के छूटे काम को पूरा कर लेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलेगा। आज आपका पूरा ध्यान अपने करियर को आगे बढ़ाने पर रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा। प्रॉपर्टी से जुड़े लोगों को फायदा होगा।

**कन्या राशिः** आज आपको अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आपको ऑफिस में कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। अपनी बढ़ी हुई ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे।

**तुला राशिः** आज व्यापार में उम्मीद से अधिक मुनाफा होने वाला है। परिवार वालों से कार्यों में मदद मिलती रहेगी। जीवनसाथी से फ़ोन पर लम्बी बात होगी, जिसमे कार्यों को बेहतर ढंग से करने की चर्चा होगी। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। उचित दिशा में मेहनत से छात्रों को अपने करियर में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज परिवार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज किसी अनजान व्यक्ति से आपकी दोस्ती होगी, जो लम्बे समय तक चलेगी। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज कही परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। कुछ जरूरी काम आपकी योजनाओं के अनुसार पूरे होंगे। आज अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे।

**धनु राशिः** आज ऑफिस के काम को पूरा करने में आप पूरी तरह से सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा। आपको किसी सीनियर्स वकील के साथ इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे।

**मकर राशिः** आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर है। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के प्रस्ताव आयेंगे। आपके आसपास चहल-पहल बनी रहेगी। ऑफिस में आपको एक साथ कई काम करने पड़ पड़ेंगे। काम के प्रति आपकी मेहनत रंग लायेगी। आपको किसी नए व्यवसाय से जुड़ने के अवसर मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बेहद शानदार रहने वाला है। लोग आज आपसे कुछ ज्यादा ही अपेक्षाएं रखेंगे, आप उनकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। विद्यार्थिओं को आज के दिन कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आज आप कुछ नए लोगों के संपर्क में आ सकते हैं, जिनसे आपको फायदा भी होगा। अपना कार्य समय से पूरा करने में आप सफल होंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज कोई अनजान व्यक्ति आपका मुड ख़राब कर सकता है। किसी काम में अनुमान से ज्यादा ही मेहनत और समय लग सकता है। आज स्वास्थ्य के प्रति भी आपको सजग रहने की जरूरत है। जंक फूड खाने से बचना चाहिए। दोस्तों के साथ रिश्तें बेहतर रहेंगे।

# संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के अपने ही दावे को भाजपा ने हाईकोर्ट में नकारा : ये खेल है सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का

// संजय पराते//

**झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में यह बात कहकर सनसनी फैला दी थी कि राज्य में संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की आबादी गिर रही है और उनकी जनसंख्या 16त्न कम हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार के संरक्षण में ये घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं और इसलिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए।**

निशिकांत दुबे के इस आरोप को गोदी मीडिया ने हाथों-हाथ लिया और बड़े पैमाने पर आदिवासियों पर मुस्लिमों के अत्याचार और खास तौर पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के अत्याचार की कहानियां परोसी जाने लगी। आरएसएस-भाजपा के आईटी सेल ने जमीन संबंधी स्थानीय विवादों को कथित बंगलादेशी घुसपैठियों के साथ जोड़कर पेश किया और इसमें रोहिंग्या मुस्लिमों का तड़का भी लगाया। भाजपाई प्रचार माध्यमों द्वारा गढ़ी गई कहानियों को विश्वसनीय बनाकर पेश किया गया, ताकि उन्हें आम जनता के गले उतारकर आगामी विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल खेला जा सके।

भाजपा के मुस्लिम विरोधी प्रचार अभियान को और गाढ़ा करने के लिए अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य व भाजपा नेता आशा लकड़ा ने 28 जुलाई को एक पत्रकार वार्ता में संथाल परगना क्षेत्र की उन 10 आदिवासी महिला जन प्रतिनिधियों की एक सूची जारी की, जिनके पति मुस्लिम थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सभी रोहिंग्या मुसलमान व बंगला0देशी घुसपैठिये हैं, जिन्होंने आदिवासी महिलाओं को फंसाया हैं। इस प्रकार, इस सूची को भाजपा के कथित दावों के प्रमाण के रूप में प्रचारित किया गया।

इसी बीच, एक खांटी भाजपा कार्यकर्ता ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की, जिसमें दावा किया गया था कि बंगलादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों से शादी कर ज़मीन लूटी जा रही है व घुसपैठ हो रही है। इस याचिका पर हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस नोटिस के जवाब में 12 सितम्बर, 2024 को दिए हलफनामा में भाजपा गठबंधन की केंद्र सरकार ने माना है कि हाल के ज़मीन विवाद के मामलों में बंगलादेशी घुसपैठियों का कोई जुड़ाव स्थापित नहीं हुआ है। अपने हलफनामा में उसने आदिवासी की जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आने की बात भी स्वीकार की है। इस प्रकार, भाजपा गठबंधन की सरकार ने ही भाजपा द्वारा इन स्थानीय विवादों को बंगलादेशी घुसपैठ का रंग देने के खेल को उजागर कर दिया है। यही है, भाजपा का ÷चाल, चरित्र और चेहरा। लेकिन मीडिया में अब भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर भाजपा का दुष्प्रचार अभियान जारी है, जो बताता है कि नफरत की राजनीति करके और समाज को बांटकर चुनाव जीतने के लिए भाजपा कितनी लालायित है!भाजपा के इस दुष्प्रचार पर झारखंड जनाधिकार महासभा व लोकतंत्र बचाओ अभियान ने एक फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट जारी की है, जो भाजपा के इस दुष्प्रचार को पूरी तरह बेनकाब कर देता है। जनगणना के आंकड़ों की छानबीन करते हुए इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 1951 से 2011 के बीच हिन्दुओं की आबादी 24 लाख, मुस्लिमों की 13.6 लाख और आदिवासियों की 8.7 लाख बढ़ी है। अतः भाजपा का यह दावा कि हिंदुओं और आदिवासियों की आबादी घट रही है, पूरी तरह झूठा प्रचार है।अपने दावे को विश्वसनीय बनाने के लिए भाजपा का प्रचार है कि 1951 में संथाल परगना क्षेत्र में हिन्दुओं की आबादी 90.37 प्रतिशत थी, जो 2011 में घटकर 67.95त्न रह गई है। रिपोर्ट में इस दावे की भी पोल खोली गई है और बताया गया है कि 1951 की जनगणना में केवल 6 धर्म कोड (हिंदू, इस्लाम, सिख, ईसाई, जैन व बौद्ध) में जनगणना की गयी थी और आदिवासी समुदाय को हिंदू ही मान लिया गया था। लेकिन 2011 में अनेक आदिवासियों ने अपने को अन्य या सरना' में लिखित रूप में दर्ज कराया था। इस प्रकार, 1951 में इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या 23.22 लाख में आदिवासियों और हिंदुओं की संयुक्त आबादी 20.99 लाख थी, तो 2011 में यहां की कुल जनसंख्या 69.68 लाख में हिंदुओं की जनसंख्या (आदिवासी हिंदू सहित) बढ़कर, भाजपा के दावे के अनुसार ही, 47.35 लाख हो गई है और इसमें गैर-हिन्दू आदिवासी शामिल नहीं है। जनसंख्या के इन आंकड़ों और इसके विश्लेषण से स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में हिंदुओं की आबादी घटी नहीं है।

तो क्या आदिवासियों की आबादी घटी है। जी नहीं, उनकी भी आबादी 1951 के 10.87 लाख से बढ़कर 2011 में 19.59 लाख हो गई है। आबादी बढ़ी है, लेकिन कुल जनसंख्या के अनुपात में उनका प्रतिशत 46.8 प्रतिशत से गिरकर 28.11प्रतिशत रह गया हैं। आदिवासी आबादी की वृद्धि दर में आई इस गिरावट की भी फैक्ट फाइंडिंग टीम ने छानबीन की है और अपर्याप्त पोषण, स्वास्थ्य व्यवस्था में कमी, आर्थिक तंगी, जमीन से उनका अलगाव और रोजगार की खोज और बेहतर जीवन की आशा में पलायन को इसका कारण बताया है। ये ऐसे कारण हैं, जिनके लिए केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियां ही जिम्मेदार है और इसलिए आदिवासी आबादी में कम वृद्धि दर के लिए भी सीधे-सीधे सरकार ही जिम्मेदार है।इसी अवधि में मुस्लिमों की आबादी में इस क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है, जिनका कुल आबादी में अनुपात 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 22.73प्रतिशत हो गया है। लेकिन इसका कारण बंगलादेशी मुस्लिमों की घुसपैठ नहीं है, बल्कि झारखंड के अन्य ज़िलों, बंगाल व बिहार से आए मुस्लिम हैं, जो यहां आकर बस गए हैं। केंद्र सरकार ने भी हाई कोर्ट में इस तथ्य को स्वीकार किया है। इनमें से कुछ मुस्लिमों का स्थानीय आदिवासियों से जमीन संबंधी विवाद चल रहा है, जिन्होंने आदिवासियों से ज़मीन अनौपचारिक दान-पत्र की व्यवस्था के जरिए खरीद लिया है। इन्हीं विवादों को भाजपा द्वारा आदिवासी बनाम बंगला देशी घुसपैठियों का रंग देकर प्रचारित किया जा रहा है। स्पष्ट है कि संथाल परगना टेनेंसी एक्ट का कड़ाई से पालन नहीं किया गया है, जो आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासी के हाथ में जाने से रोकता है। इसके लिए भी सरकार ही जिम्मेदार है। संथाल परगना के जिन गांवों में हिंसा की घटनाएं घटी हैं और जिन्हें भाजपा ने जोर शोर से उछाला है, वहां का दौरा करने पर फैक्ट फाइंडिंग टीम ने पाया कि इन गांवों में सांप्रदायिक हिंसा का कोई इतिहास नहीं है और जमीन संबंधी जो भी विवाद हुए हैं, वे स्थानीय नागरिकों के बीच ही हुए हैं। भाजपा ने किसी भी मुस्लिम के साथ हुए विवाद को बंगलादेशी घुसपैठिए के रूप में उछालने का घृणित काम किया है। फैक्ट फाइंडिंग टीम को इन गांवों के किसी भी व्यक्ति ने एक भी बंगलादेशी घुसपैठिये के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी। सबने बताया कि उन्हें घुसपैठ की बात सोशल मीडिया से ही मालूम हुई है। यहां तक कि तारानगर-इलामी में रहने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने भी इस टीम को बताया कि उनके क्षेत्र में रहने वाले सभी मुस्लिम वहीं के निवासी हैं।रिपोर्ट में बताया गया है कि फैक्ट फाइंडिंग टीम को संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं द्वारा हिंदू या मुस्लिम या गैर आदिवासी पुरुष से शादी करने के कई उदाहरण मिले हैं, लेकिन इन सभी महिलाओं ने अपनी सहमति और आपसी पसंद से शादी की है। टीम को ऐसा एक भी मामला नहीं मिला, जिसमें किसी आदिवासी महिला की बंगलादेशी घुसपैठिये से शादी हुई हो और न ही स्थानीय ग्रामीणों को ऐसे किसी मामले की जानकारी है। टीम ने पाया कि अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने जिन 10 महिलाओं की सूची जारी की थी, उनमें से 6 महिलाओं ने स्थानीय मुस्लिमों से शादी की है और तीन के पति तो आदिवासी ही हैं। इससे भाजपा का यह दावा भी ध्वस्त हो जाता है कि आदिवासियों की जमीन हथियाने के लिए बंगलादेशी घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादियां कर रहे हैं, जिसके कारण आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आ रही है।

स्थानीय प्रशासन ने उच्च न्यायालय में कहा है कि क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठिये नहीं हैं। चुनाव आयोग द्वारा बनाई टीम (जिसमें भाजपा के सदस्य भी थे) ने भी अपनी जांच में कुछ नहीं पाया है। इसके बावजूद भाजपा लगातार बांग्लादेशी घुसपैठिये, लैंड जिहाद, लव जिहाद आदि के नाम पर साम्प्रदायिकता व झूठ फैला रही है, तो इसका बहुत ही खुला एजेंडा है। और वह एजेंडा है : झारखंड में हिंदुओं, मुस्लिमों और आदिवासियों के बीच सांप्रदायिक विभाजन करके, उनमें दरार पैदा करके चुनावी वैतरणी पार करना। अपने इसी दुष्प्रचार को विश्वसनीय बनाने के लिए अब भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को इस काम में लगा दिया है। लेकिन जनता सब समझ रही है और लोकसभा चुनाव से शुरू हुआ भाजपा की हार का सिलसिला झारखंड में रुकने वाला नहीं है।

# केजरीवाल का इस्तीफा का ऐलानः शराब नीति मामले में 'ईमानदारी' का बचाव या सियासी चाल

//अजय कुमार //

**दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में एक ऐसा कदम उठाया है जिसने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। यह निर्णय एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जो न केवल उनकी राजनीतिक छवि को प्रभावित करेगा, बल्कि दिल्ली की राजनीति में भी नया मोड़ ला सकता है।**




दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता उन्हें फिर से चुनकर भेजेगी। यह निर्णय, हालांकि बहुत से लोगों के लिए एक आश्चर्य की बात हो सकता है, लेकिन यह उनकी रणनीतिक सोच का एक हिस्सा है। इस कदम के पीछे उनका उद्देश्य राजनीतिक परिदृश्य में अपनी ईमानदारी की छवि को और मजबूत करना और दिल्ली की राजनीति में अपनी स्थिति को पुनः स्थापित करना है।अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने अन्ना हज़ारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरकर राजनीति में प्रवेश किया था। इस आंदोलन ने उन्हें एक ईमानदार और भ्रष्टाचार विरोधी नेता के रूप में स्थापित किया। आम आदमी पार्टी ने स्वयं को ईमानदारी और पारदर्शिता का प्रतीक माना है। इस संदर्भ में, दिल्ली शराब नीति मामले को लेकर विपक्ष, खासकर बीजेपी, ने लगातार पार्टी और केजरीवाल की छवि पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी ने बार-बार केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की थी और आरोप लगाया था कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

हालांकि, केजरीवाल की जमानत के बाद अधिकांश गिरफ्तार किए गए नेताओं को भी जमानत मिल चुकी है, और आम आदमी पार्टी ने इस पर न केवल अपना पक्ष रखा है, बल्कि यह भी दिखाया है कि शराब नीति मामले में कई मुद्दे हैं। पार्टी इस तरह की स्थितियों को जनता के बीच यह संदेश देने के लिए उपयोग कर रही है कि यह मामला राजनीति से प्रेरित हो सकता है और नेताओं को गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की जा रही है। इस दृष्टिकोण से, केजरीवाल का इस्तीफा एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, जो उनकी पार्टी के नैरेटिव को मजबूत करने का प्रयास है। केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के फैसले के साथ यह भी कहा है कि उनके पास केवल उनकी ईमानदारी है, और उनके बैंक खाते खाली हैं। उन्होंने यह तर्क किया कि उनका उद्देश्य कभी भी पद और धन के लालच से प्रेरित नहीं रहा। इसके बजाय, उनका प्राथमिक उद्देश्य देश और समाज की सेवा करना है। उनके अनुसार, उनका यह निर्णय जनता के अदालत में अपनी ईमानदारी का परीक्षण कराने का एक तरीका है। वे जनता से यह पूछना चाहते हैं कि क्या वे उन्हें ईमानदार मानते हैं या गुनहगार।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए जमानत आदेश के तहत, केजरीवाल को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी गई है। उनमें से एक यह है कि वह अपने दफ्तर या सचिवालय में नहीं जा सकते और केवल उन फाइलों पर साइन कर सकते हैं जिन्हें उपराज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाना है। इस स्थिति में, केजरीवाल को दिल्ली में अपनी कार्यशैली और प्रशासनिक स्वतंत्रता को लेकर सीमित जगह मिल रही है। इसके चलते, उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया और विधानसभा भंग करने की सिफारिश की है ताकि जल्दी चुनाव कराए जा सकें। केजरीवाल ने यह भी मांग की है कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 के बजाय नवंबर 2024 में कराए जाएं। उनका मानना है कि नवंबर में महाराष्ट्र और झारखंड के साथ चुनाव कराने से बीजेपी को इन राज्यों की सियासत में व्यस्त रहना पड़ेगा और दिल्ली विधानसभा चुनाव पर ध्यान नहीं दे पाएगी। इस रणनीति का उद्देश्य आम आदमी पार्टी को सियासी लाभ दिलाना है और बीजेपी को अपनी चुनावी योजनाओं पर फिर से विचार करने पर मजबूर करना है।

अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा एक तरह से बीजेपी और कांग्रेस को भी हैरत में डालने वाला है। खासकर हरियाणा में विधानसभा चुनावों के समय केजरीवाल का इस्तीफा और उनका राजनीतिक सन्देश यह दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी किसी भी राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाने के लिए तत्पर है। केजरीवाल के इस्तीफे के साथ-साथ मनीष सिसोदिया ने भी चुनाव तक किसी भी पद को ग्रहण नहीं करने का निर्णय लिया है, जो इस बात को प्रमाणित करता है कि पार्टी अपनी ईमानदारी की छवि को बनाए रखने के लिए गंभीर है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान, केजरीवाल ने भी कुछ प्रमुख राजनीतिक दांव खेले थे और बीजेपी के नेताओं को सफाई देने के लिए मजबूर किया था। अब, हरियाणा और अन्य राज्यों में चुनाव के साथ, केजरीवाल का यह कदम निश्चित रूप से राजनीतिक पिच पर नया मोड़ ला सकता है। उनके इस्तीफे के साथ, वे दिल्ली की राजनीति में एक नया नैरेटिव सेट करने के लिए तैयार हैं, जिससे यह साबित हो सके कि उनकी पार्टी और वे व्यक्तिगत रूप से ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया नई दिल्ली में यूनेस्को एंटी-डोपिंग कन्वेंशन के फंड अनुमोदन की औपचारिक बैठक के उद्घाटन सत्र के दौरान।



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद दिल्ली के मंत्री और आप नेता आतिशी पार्टी नेता गोपाल राय के साथ दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना के आवास से निकलते हुए।



गंजम जिले के भेटनई गांव के खुले खेतों में चरते काले हिरणों का एक समूह।



प्रधानमंत्री ने ओडिशा के भुवनेश्वर में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के अवसर पर संबोधित किया।



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत गांधीनगर स्थित राजभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए।



हैदराबाद में हुसैन सागर झील में 70 फुट ऊंची खैरताबाद महागणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए तैयार भक्तगण भव्य गणेश जुलूस में भाग लेते हुए।

**Pager Blast पर खुलासा**

## तो इजरायल ने ही किया था लेबनान में पेजर ब्लास्ट! ताइवानी कंपनी के साथ मिलकर मोसाद ने कर दिया खेल

**बेरूत, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

लेबनान में आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के सदस्यों के पेजर में हुए सीरियल ब्लास्ट से नौ लोगों की मौत हो गई। ये ब्लास्ट हजारों हिजबुल्लाह मेंबर्स के पेजर्स में हुआ, जिसमें 3000 से ज्यादा लोग घायल भी हो गए। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने मंगलवार को लेबनान में हुए विस्फोटों से महीनों पहले लेबनानी आतंकी समूह हिजबुल्लाह द्वारा ऑर्डर किए गए 5000 ताइवान निर्मित पेजर के अंदर थोड़ी मात्रा में विस्फोटक लगाए थे। एक वरिष्ठ लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने समाचार एजेंसी रायटर को बताया कि इसके पीछे मोसाद का ही हाथ था। वरिष्ठ लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने कहा कि हिजबुल्लाह ने ताइवान की कंपनी Gold Apollo द्वारा बनाए गए 5000 Pager का ऑर्डर दिया था। इस साल की शुरुआत में ही इसे देश में लाया गया था।अब माना जा रहा है कि ताइवानी कंपनी के साथ मिलकर मोसाद ने ये खेल किया और हमले की साजिश कई महीने पहले ही रच दी गई थी।लेबनानी सूत्र ने कहा कि पेजर में इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद द्वारा उत्पादन स्तर पर ही छेड़छाड़ की गई। मोसाद ने डिवाइस के अंदर एक बोर्ड इंजेक्ट किया जिसमें विस्फोटक सामग्री होती है जो एक कोड प्राप्त करती है। इसे किसी भी माध्यम से पता लगाना बहुत मुश्किल है। किसी भी डिवाइस या स्कैनर से भी नहीं। सूत्र ने कहा कि जब उन्हें एक कोडित संदेश भेजा गया तो 3,000 पेजर फट गए, साथ ही विस्फोटक भी सक्रिय हो गए। एक अन्य सुरक्षा सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि नए पेजर में तीन ग्राम तक विस्फोटक छिपा हुआ था और महीनों तक हिजबुल्लाह द्वारा पता नहीं लगाया गया। वरिष्ठ लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने पेजर के मॉडल AP924 की एक तस्वीर की पहचान की है। ये अन्य पेजर की तरह वायरलेस तरीके से टेक्स्ट संदेश प्राप्त करता है और प्रदर्शित करता है, लेकिन टेलीफोन कॉल नहीं कर सकता।

# सीएम की कुर्सी तक कैसे पहुंची आतिशी ? रेस में आप के सौरभ भारद्वाज क्यों रह गए पीछे



**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

आप सरकार में एक ही साथ मंत्री बनने के बावजूद सौरभ भारद्वाज सीएम की पद की दौड़ में भी आतिशी से पिछड़ गए। बतौर मंत्री महज डेढ़ साल के कार्यकाल में आतिशी मुख्यमंत्री बन गईं जबकि सौरभ दूसरे नं. की स्थिति भी हासिल नहीं कर पाए। आतिशी का धैर्यवान एवं मृदुभाषी होना उन्हें लगातार आगे बढ़ाता ले गया।पीछे मुड़कर देखा जाए तो मार्च 2023 में मंत्री बनने के बाद विभागों के बंटवारे से ही सौरभ भारद्वाज आतिशी से लगातार पिछड़ते रहे हैं। तीन माह के अंतराल में दो बार उनके विभागों में फेरबदल किया गया।अक्टूबर 2023 में उनसे जल मंत्रालय लेकर आतिशी को दे दिया गया था। भारद्वाज को आतिशी के तीन विभाग दे दिए थे, लेकिन ये सभी जल बोर्ड से कम महत्वपूर्ण थे- पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग। भारद्वाज का कद तभी घटा दिया गया था और उनके पास अहम विभागों में केवल स्वास्थ्य विभाग छोड़ा गया। इससे पहले 12 अगस्त 2023 को एलजी ने आप सरकार के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी, जिसमें भारद्वाज से लेकर सेवा और सतर्कता विभाग आतिशी को सौंपे गए थे। दूसरी तरफ आतिशी हमेशा बाजी मारती रहीं। इसी कड़ी में 30 जून 2024 को आतिशी को वित्त, योजना और राजस्व विभाग सौंपे गए थे। ये विभाग उस समय कैलाश गहलोत देख रहे थे।

आतिशी के लगातार आगे बढ़ने के पीछे विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य के साथ काम करने का उनका तरीका प्रमुख वजह माना जा रहा है। सरकार के पांच प्रमुख विभागों का जिम्मा भी दूसरे मंत्रियों से लेकर आतिशी को दिया गया था। याद रहे कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को मार्च 2023 में उस समय दिल्ली कैबिनेट में शामिल किया गया था, जब पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने जेल जाने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया था।

## केदारनाथ में भाजपा के पांच मंत्रियों के कौशल की परीक्षा, उपचुनाव में बनाएंगे जीत का माहौल

**देहरादून।** विधानसभा की बदरीनाथ व मंगलौर सीटों के उपचुनाव में परिणाम भले ही भाजपा के पक्ष में न रहे हों, लेकिन केदारनाथ सीट का उपचुनाव उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा है। इसे देखते हुए पार्टी ने अपनी टीम को मोर्चे पर उतार दिया है। राज्य सरकार के पांच मंत्रियों को केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के एक-एक मंडल का जिम्मा दिया गया है। जाहिर है उपचुनाव में इनके कौशल की भी परीक्षा होनी है। वे इसमें कितना सफल हो पाते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। विधानसभा की बदरीनाथ व मंगलौर सीटों के उपचुनाव को देखें तो ये पहले भी भाजपा के पास नहीं थीं, लेकिन बदरीनाथ में उसकी प्रतिष्ठा जुड़ी थी।

मंगलौर सीट ऐसी है, जिस पर भाजपा को कभी सफलता नहीं मिली। यद्यपि, इस बार वह जोरदार टक्कर देने में कामयाब रही।बदरीनाथ सीट को लें तो लोकसभा चुनाव के दौरान वहां का प्रतिनिधित्व कर रहे कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी को पार्टी ने अपने खेमे में खींच लिया था। भंडारी को ही उपचुनाव में भाजपा ने मैदान में उतारा, लेकिन कई समीकरणों के चलते पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। बदरीनाथ सीट के उपचुनाव से सबक लेते हुए पार्टी अब केदारनाथ सीट के उपचुनाव को लेकर मैदान में उतर चुकी है, जबकि अभी उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित भी नहीं हुआ है। भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन के कारण यह सीट रिक्त हुई है। ऐसे में पार्टी के सामने इसे अपने पास बरकरार रखने की चुनौती है।

# कौन हैं आईपीएस मनोज वर्मा जो बने कोलकाता पुलिस के नए कमिश्नर, नाम सुनते ही थर-थर कांपते हैं नक्सली

**कोलकाता, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दरिंदगी की घटना के खिलाफ आंदोलन कर रहे जूनियर चिकित्सकों की मांगों के आगे झुकते हुए आखिरकार बंगाल सरकार ने मंगलवार को कोलकाता के पुलिस आयुक्त (सीपी) विनीत गोयल, डीसी नार्थ अभिषेक गुप्ता सहित स्वास्थ्य सेवा निदेशक (डीएचएस) एवं चिकित्सा शिक्षा निदेशक (डीएमई) को पद से हटा दिया। विनीत गोयल की जगह मनोज वर्मा को कोलकाता का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। 1998 बैच के आइपीएस अधिकारी वर्मा इससे पहले राज्य पुलिस के एडीजी (कानून-व्यवस्था) की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।वहीं, 1994 बैच के आईपीएस विनीत गोयल को बंगाल पुलिस के एसटीएफ के एडीजी पद पर तबादला किया गया है। सीबीआई ने मंगलवार को राज्य संचालित आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के मामले की जांच की प्रगति रिपोर्ट कलकत्ता हाई कोर्ट को सौंप दी।

मामले पर पहली प्रगति रिपोर्ट स्वीकार करने के बाद न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की एकल पीठ ने केंद्रीय एजेंसी को 25 नवंबर तक मामले पर एक और प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर डाक्टर से दरिंदगी के मामले में गिरफ्तार अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष तथा टाला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को मंगलवार को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया।

## चीनी नागरिक को झटका, सुप्रीम कोर्ट का जमानत देने से इनकार,नोएडा पुलिस ने दो साल पहले किया था गिरफ्तार

**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने एक चीनी नागरिक को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को कहा कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल कोर्ट जमानत की मांग करने वाली याचिका पर विचार नहीं करेगी। मुकदमा अभी लंबित है। याचिकाकर्ता छह महीने की अवधि समाप्त होने के बाद हाईकोर्ट जा सकता है। यह विकल्प खुला है। चीनी नागरिक रायन उर्फ रेन चाओ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 31 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

रेन चाओ पर वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में रहने और अंतरराष्ट्रीय अपराध रैकेट चलाने और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। रेन चाओ को नौ जुलाई 2022 को नोएडा पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया था। उस पर विदेशी अधिनियम के तहत भी आरोप लगाए गए थे।

## बाढ़ पीड़ितों की धुकधुकी बढ़ा रहा गंगा-यमुना का विकराल रूप, बिहार में टूटा बांध, कई गांवों में घुसा पानी



**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

लगातार वर्षा से बिहार में गंगा, सोन, पुनपुन व फल्गू समेत पहाड़ी नदियां उफनाने लगी हैं। सारण में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से दो सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। इससे दियारा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कई सड़कों पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है।बक्सर में गंगा खतरे के निशान से चार सेमी नीचे है। यहां एक दर्जन से अधिक गांव पानी से घिर गए हैं। चौसा के दो वार्डों के 50 से अधिक घरों में पानी प्रवेश कर गया है। वहीं चौसा-डिहरी मुख्य मार्ग पानी में डूब जाने से आवागमन ठप हो गया है। भोजपुर जिले में गंगा खतरे के निशान से 39 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। सोन नदी के जलस्तर में वृद्धि जारी है। रोहतास के डेहरी स्थित इंद्रपुरी बराज से मंलगवार को 3.30 लाख क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया। सोन में उफान के कारण औरंगाबाद जिले में टीला पर पांच भेड़ पालक करीब छह सौ भेड़ के साथ फंस गए। सूचना पर गया से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। जहानाबाद जिले में फिर फल्गु नदी उफना गई है। हुलासगंज के वनबरिया स्थित उदेरा स्थान बराज का गेट खोल दिया गया है।उधर, नालंदा जिले में लोकाईन नदी में बाढ़ आने से मुसाढ़ी गांव के निकट का तटबंध लगभग 15 फीट टूट गया है। खालिम चक में तटबंध में दरार आ गई है। जिराईन नदी खतरे के निशान से 2.17 मीटर ऊपर बह रही है।उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना और वाराणसी में गंगा का जलस्तर बीते 24 घंटे में मामूली घटा है। प्रयागराज में गंगा का जल स्तर 26 व यमुना का 30 सेमी कम हुआ है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर मंगलवार को खतरा बिंदु से 43 सेमी नीचे 70.83 मीटर पर स्थिर हो गया है। बाढ़ का पानी श्रीकाशी विश्वनाथ धाम परिसर तक पहुंच चुका है। मणिकर्णिका घाट और अस्सी की गलियों में नावें चल रही हैं। फर्रुखाबाद में पांच सेंटीमीटर बढ़कर खतरे के निशान 137.10 मीटर पर पहुंचा गंगा का जलस्तर संकेत है कि भागीरथी का उफान अभी थमने वाला नहीं है। नरौरा बांध से गंगा में छोड़े गए 1,62,668 क्यूसेक पानी से हालात बिगड़ सकते हैं। अयोध्या, मऊ, आजमगढ़ और बलिया में लगातार खतरे के निशान के ऊपर सरयू का प्रवाह भी बाढ़ से कठिनाइयों में घिरे गांवों की परीक्षा ले रहा है।

# 13 नागरिकों की हत्या के आरोपित 30 सैन्यकर्मियों को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने बंद की आपराधिक कार्यवाही

**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

नगालैंड के मोन जिले में उग्रवादियों के विरुद्ध एक असफल अभियान में 2021 में 13 नागरिकों की हत्या के आरोपित 30 सैन्यकर्मियों के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही बंद कर दी है।जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा), 1958 की धारा-6 के तहत केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष 28 फरवरी को इन सैन्यकर्मियों के विरुद्ध अभियोजन की अनुमति देने से इन्कार कर दिया था।इस प्रविधान के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करने वाले किसी व्यक्ति के विरुद्ध केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना कानूनी कार्यवाही या अभियोग शुरू नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर अफस्पा की धारा-6 के तहत किसी भी चरण में अनुमति प्रदान की जाती है तो दर्ज एफआइआर के अनुसार कार्यवाही जारी रह सकती है और उसके तार्किक अंजाम तक पहुंचाई जा सकती है। शीर्ष अदालत ने सैन्यकर्मियों की पत्नियों की दो अलग-अलग याचिकाओं पर कार्यवाही को बंद किया जिनमें नगालैंड पुलिस द्वारा दर्ज मामले को बंद करने की मांग की गई थी।इनमें से एक याचिका मेजर रैंक के अधिकारी की पत्नी की थी। अदालत ने नगालैंड सरकार के उस अनुरोध को स्वीकार करने से भी इन्कार कर दिया कि सेना को प्रशासनिक तौर पर आरोपित सैन्यकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया जाए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह पूरी तरह सेना का विवेकाधिकार है कि वह अपने अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करे अथवा नहीं।सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि नगालैंड सरकार ने सैन्य अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन की अनुमति देने के केंद्र के इन्कार को चुनौती देते हुए अलग याचिका दाखिल की है और इस मामले में नोटिस जारी किया गया है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 19 जुलाई, 2022 के अंतरिम आदेश में सैन्यकर्मियों के विरुद्ध राज्य सरकार द्वारा दर्ज एफआइआर को लेकर आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

# उत्तर प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, झारखंड में झूम के बरसे बादल



**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

मौसम विभाग ने 18 सितंबर यानी बुधवार को दो केंद्र शासित प्रदेशों समेत कुल 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर छत्तीसगढ़ पर बने दबाव के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है और आज उत्तरी मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। उत्तरांखड, हरियाणा और चंडीगढ़ में भारी बारिश की संभावना है। पश्चिम उत्तर प्रदेश व पूर्वी राजस्थान में झमाझम बारिश की उम्मीद है। पश्चिम मध्य प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अंडमान और निकोबार में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

19 सितंबर को असम, मेघाय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, अंडमान और निकोबार में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। 20 सितंबर को अंडमान और निकोबार द्वीप को छोड़कर पूरे देश में कहीं भी बारिश की चेतावनी जारी नहीं की गई है। 21 सितंबर से अगले तीन दिनों तक मौसम विभाग ने पूरे देश में बारिश की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश झारखंड के लातेहार और गिरिडीह में 20 सेंटीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा उत्तरी छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश और उत्तरी ओडिशा में 11 से 20 सेमी तक बारिश दर्ज की गई।

## लगातार घट रही पश्चिम बंगाल की जीडीपी, रह गई 5.6 फीसदी हिस्सेदारी

**ईएसी-पीएम ने बताया अन्य राज्यों का हाल**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अनुसार, पिछले कई दशकों में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बंगाल की हिस्सेदारी लगातार घट रही है। देश के पूर्वी हिस्से का विकास जहां चिंता का विषय बना हुआ है। वहीं बंगाल को छोड़कर अन्य समुद्र तटीय राज्यों ने देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

जहां तक बिहार की बात है तो पिछले दो दशकों में उसकी स्थिति स्थिर रही है और वह अन्य राज्यों से काफी पीछे है। उनके बराबर आने के लिए उसे बहुत तेजी से विकास करना होगा। भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शनः 1960-61 से 2023-24 नामक वर्किंग पेपर के मुताबिक, 1960-61 में बंगाल राष्ट्रीय जीडीपी में 10.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता था। वहीं 2023-24 में उसकी हिस्सेदारी घटकर केवल 5.6 प्रतिशत रह गई है।

इस पूरी अवधि में जीडीपी में बंगाल की हिस्सेदारी लगातार गिरी है। इतना ही नहीं बंगाल की प्रति व्यक्ति आय 1960-61 में राष्ट्रीय औसत के मुकाबले 127.5 प्रतिशत थी, लेकिन 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय घटकर राष्ट्रीय औसत का 83.7 प्रतिशत रह गई। यह राजस्थान और ओडिशा जैसे पारंपरिक रूप से पिछले राज्यों से भी कम है।

# भारत की सरजमीं पर जन्मे कई शावक हुए वयस्क, चीता प्रोजेक्ट में भर रहे नई रोशनी

**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**



नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 20 चीतों में से अब तक आठ चीतों की मौत भले चीता प्रोजेक्ट के लिए बड़ा झटका रहा है लेकिन दूसरी तरफ भारतीय जमीं पर जन्मे शावकों की अठखेलियां पूरे प्रोजेक्ट में एक नई रोशनी भी भर रही है। जिनकी संख्या मौजूदा समय में 12 है। इनमें से कई शावक तो अब वयस्क होने के करीब है। वैसे भी चीता का नर शावक करीब एक साल में और मादा शावक डेढ़ साल में वयस्क हो जाते है। इन चीता शावकों को प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की उम्मीद के तौर पर भी देखा जा रहा है क्योंकि इन सभी के सामने नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों की तरह जलवायु अनुकूलता नहीं होने जैसी चुनौती का कोई खतरा नहीं है।

वह यहां की जलवायु में पूरी तरह से रचे-बसे होने के साथ-साथ तेजी से बढ़ भी रहे है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और चीता प्रोजेक्ट से जुडे अधिकारियों की मानें तो चीता शावकों की इस प्रगति से न सिर्फ देश में इन्हें बसाने के प्रोजेक्ट को रोशनी मिल रही है, बल्कि दुनिया भर में इन वन्यजीवों को एक जगह से दूसरी जगह पर बसाने की उम्मीदें भी रोशन हो रही है। मध्य प्रदेश के कूनो अभयारण्य में बसाए गए इन चीतों में मौजूदा समय में जो 12 शावक है, उनमें से आठ शावक नामीबिया से लाए गए दो मादा चीतों के है। इनमें पांच शावक अकेले मादा चीता ज्वाला के है, जबकि तीन मादा चीता आशा के हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका से लाए 12 चीतों में से मादा चीता गामिनी ने चार बच्चों को जन्म देकर इस प्रोजेक्ट में एक और नई खुशहाली लायी है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 17 शावकों का जन्म हुआ है, लेकिन इनमें से पांच शावकों की मौत हो गई।


गौरतलब है कि चीता प्रोजेक्ट के तहत सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ और फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। इनमें अब तक आठ चीतों की अलग-अलग कारणों से मौत गई है। इनमें चार नामीबिया के और चार दक्षिण अफ्रीका के है। बाकी बचे सभी चीतों को अब बाड़े (इनक्लोजर) में रखा गया है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रोजेक्ट के दो साल पूरा होने के मौके पर दो सालों में आयी चुनौतियों की जिक्र किया और कहा कि विलुप्त हो चुके किसी वन्यजीव को फिर से बसाने का यह रास्ता कोई आसान नहीं था।

## महिलाओं को नाइट ड्यूटी से नहीं रोक सकते, उन्हें सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी, CJI ने सिब्बल को भी लिया आड़े हाथ

**नईदिल्ली, 18 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस अधिसूचना पर कड़ी आपत्ति जताई जिसमें महिला डॉक्टरों की रात्रि ड्यूटी से परहेज और उनकी ड्यूटी 12 घंटे से ज्यादा न होने की बात कही गई थी। कोर्ट ने कहा महिलाओं को रात्रि ड्यूटी करने से कैसे रोका जा सकता है। किसी भी महिला से यह नहीं कहा जा सकता कि तुम रात्रि ड्यूटी नहीं कर सकतीं। डॉक्टर, पायलेट, सशस्त्र बल सभी जगह रात्रि ड्यूटी होती है। महिला डॉक्टर हर परिस्थिति में काम करने को तैयार है और उन्हें हर परिस्थिति में काम करना चाहिए। महिलाएं रियायत नहीं बल्कि समान अवसर चाहती हैं। उन्हें रात्रि ड्यूटी से नहीं रोका जा सकता। उन्हें सुरक्षा प्रदान करना राज्य का कर्तव्य है।शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि उसे अपनी अधिसूचना ठीक करनी चाहिए। इसके अलावा कोर्ट ने अस्पतालों में सुरक्षा के लिए पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा ठेके पर सुरक्षा कर्मी रखने पर भी सवाल उठाए। ये टिप्पणियां और निर्देश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर से दरिंदगी और हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान मंगलवार को दिये। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की पैरोकारी कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से कहा कि आप महिलाओं से नहीं कह सकते कि वे रात्रि ड्यूटी न करें। ये उनके कैरियर के लिए नुकसानदेह होगा। राज्य का कर्तव्य है कि वह उन्हें सुरक्षा मुहैया कराए। महिलाएं कोई विशेष रियायत नहीं मांग रहीं वे बराबरी के अवसर चाहती हैं।

# अपने चेहरे को प्राकृतिक रूप से बनाये रखना है तो फालतू की चीजों से बचें बच्चे



त्वचा की देखभाल करना हर उम्र के लोगों के लिए जरूरी होता है, ताकि त्वचा हमेशा स्वस्थ बनी रहे।हालांकि, सोशल मीडिया पर त्वचा देखभाल के बढ़ते ट्रेंड के कारण बच्चियां भी ऐसे उत्पाद इस्तेमाल कर रही हैं, जो बड़ों के लिए बनाए जाते हैं।इन उत्पादों के उपयोग से बच्चों की त्वचा खराब होती है और उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में बच्चों की देखभाल के लिहाज से अपनी बच्चियों को इन उत्पादों से दूर रखें।

पैराबेन

पैराबेन एक तरह का रासायनिक संरक्षक होता है, जिसे आमतौर क्रीम और मेकअप उत्पादों में इस्तेमाल किया जाता है।यह एक प्रकार का अंत:स्त्रावी विघ्नकर्ता होता है, जो बच्चियों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से हानि पहुंचा सकता है।अंत:स्त्रावी विघटनकारी रसायन (श्वष्ठष्ट) ऐसे पदार्थ होते हैं, जो थाइरोइड के सामान्य कामकाज में बदलाव पैदा कर सकते हैं।पैराबेन का उपयोग बच्चियों के शरीर में हॉर्मोनल बदलाव का कारण बन सकता है।

रेटिनोइड्स

रेटिनोइड्स में झुर्रियों को दूर करने वाले गुण होते हैं, जो एपिडर्मिस के सुरक्षात्मक कार्य को मजबूत करके कोलेजन उत्पादन को बढ़ाते हैं।ये उत्पाद एंटी-एजिंग के लिए यानि बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। इसी कारण ये बच्चियों की जवान त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।इससे उनकी त्वचा लाल पड़ सकती है, छिल सकती है या उनकी त्वचा सूरज की किरणों के प्रति अधिक संवेदनशील बन सकती हैं।

ग्लाइकोलिक एसिड

त्वचा विशेषज्ञों के मुताबिक, ग्लाइकोलिक एसिड का उपयोग मुंहासे, हाइपरपिग्मेंटेशन और उम्र बढ़ने के लक्षणों के इलाज के लिए किया जाता है।इससे मृत त्वचा कोशिकाएं मिट जाती हैं और त्वचा चमकदार बन जाती है। हालांकि, इस उत्पाद को बच्चियों की त्वचा की देखभाल के लिए इस्तेमाल करना हानिकारक हो सकता है।यह मुलायम त्वचा के लिए कठोर होता है और लालपन, खुजली, त्वचा के छिलने और मुंहासों का कारण बन सकता है।

खुशबु वाले उत्पाद

त्वचा की देखभाल के लिए बनाए गए ज्यादातर उत्पादों में महक या सुगंध को शामिल किया जाता है। बच्चों के उत्पादों में तो ये एक आम बात हो गई है।हालांकि, खुशबु युक्त उत्पाद लगाने से बच्चियों की त्वचा को हानि हो सकती है। इनके उपयोग से बच्चियों को त्वचा की एलर्जी हो सकती हैं और उन्हें खुजली व असुविधा का अनुभव हो सकता है।आप त्वचा को चमकदार बनाने के लिए मधुमोम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

सल्फेट्स

सल्फेट्स त्वचा को साफ करने वाले गुणों से लैस होते हैं, जिस कारण इन्हें क्लींजर में इस्तेमाल किया जाता है। इन रसायनों को बच्चियों की त्वचा देखभाल दिनचर्या का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए।सल्फेट्स ऐसे उत्पाद होते हैं, जो त्वचा के प्राकृतिक तेलों को सोख लेते हैं। साथ ही इनके इस्तेमाल से बच्चियों की त्वचा अधिक रूखी बन जाती है और मुंहासों का खतरा बढ़ जाता है।जानिए त्वचा की देखभाल में कैसे मदद करती है मलाई और एलोवेरा जेल।



## तीसरे दिन करीना की फिल्म की कमाई में आया उछाल 15 सालों में वीकेंड पर किया सबसे कम बिजनेस

करीना कपूर ने एक बार फिर अपनी एक्टिंग से लोगों को दीवाना बना लिया है. उनकी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. फिल्म में करीना की एक्टिंग को बहुत पसंद किया गया है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा पा रही है. फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है. द बकिंघम मर्डर्स करीना कपूर की पिछले 15 सालों में ऐसी फिल्म है जिनमे वीकेंड पर इतनी कम कमाई की है.

द बकिंघम मर्डर्स का बज बहुत कम था इस वजह से पहले दिन को ये फिल्म कुछ खास कमाई ही नहीं कर पाई थी. फिर शनिवार-रविवार को फिल्म के कलेक्शन में उछाल आया है फिर भी कलेक्शन को देखकर करीना की फिल्म से ये उम्मीद नहीं की जा सकती है.

फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स ने प्रेजेंट किया है. इसके ऑफिशियल इंस्टा हैंडल पर फिल्म की कमाई से जुड़ा ऑफिशियल डेटा शेयर किया गया है. जिसके मुताबिक द बकिंघम मर्डर्स ने पहले दिन 1.62 करोड़ का कलेक्शन किया था. दूसरे दिन 2.41 करोड़ और तीसरे दिन 2.72 करोड़ का कलेक्शन किया था. जिसके बाद टोटल कलेक्शन 6.75 करोड़ हो गया है.

करीना कपूर की फ्लॉप फिल्में भी ओपनिंग वीकेंड पर इससे ज्यादा कलेक्शन कर जाती हैं. 2009 में आई मैं और मिसेज खन्ना ने पहले वीकेंड पर सबसे कम कलेक्शन किया था और वो 4.42 करोड़ था. इस फिल्म में करीना के साथ सलमान खान लीड रोल में नजर आए थे. उनकी सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म मिलेंगें मिलेंगे ने भी पहले वीकेंड पर 7 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया था.

द बकिंघम मर्डर्स की बात करें तो फिल्म में करीना के साथ शेफ रणवीर बराड़ अहम किरदार निभाते नजर आए हैं. फिल्म को हंसल मेहता ने डायरेक्ट किया है. अब करीना सिंघम अगेन में नजर आएंगी. ये फिल्म दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# हर आयु वर्ग के लोगों को रोजाना चलना चाहिए पैदल, मिलेंगे कई स्वास्थ्य संबंधी फायदे

शरीर को स्वस्थ रखने और वजन घटाने के लिए पैदल चलना फायदेमंद होता है। यह एक तरह की कम तीव्रता वाली एक्सरसाइज होती है।आम तौर पर लोग खाना खाने के बाद या सुबह के समय सैर करने जाते हैं। हालांकि, सभी के मन में यह सवाल उठता है कि रोजाना आखिर कितनी दूर पैदल चलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।आइए जानते हैं हर आयु के लोगों को रोजाना कितनी दूर पैदल चलना चाहिए।



बच्चों के लिए हर दिन इतनी दूर चलना है सही

छोटे बच्चों और किशोरों की ऊर्जा का स्तर बड़ों की तुलना में अधिक होता है। उनके लिए पैदल चलना स्वस्थ रहने का एक मजेदार तरीका हो सकता है।बच्चों और किशोरों को हर दिन कम से कम 60 मिनट तक 12,000 से 15,000 कदम की दूरी तय करनी चाहिए।रोजाना इस लक्ष्य को पूरा करने से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि धीरे-धीरे सैर करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है।

बड़ों को रोजाना इतनी दूर चलना चाहिए

बड़ों के लिए खुद को एक्टिव रखना मुश्किल होता है, क्योंकि वे काम में व्यस्त हो जाते हैं। हालांकि, रोजाना कुछ देर पैदल चलना वयस्कों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी होता है।आम तौर पर बड़ों को हर दिन करीब 30 मिनट तक पैदल चलना चाहिए। रोजाना 10,000 कदम चलने या 5 से 8 किलोमीटर दूर तक चलने का लक्ष्य रखें।आप रोजाना 1०० कदम चलने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ये तरीके अपनाएं।

बुजुर्गों को इतनी दूर तक ही करनी चाहिए सैर

जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, उनके पैर और शरीर कमजोर पड़ने लगते हैं। इस कारण उनके लिए रोजाना पैदल चल पाना मुश्किल हो जाता है।हालांकि, स्वास्थ्य के लिहाज से यह जरूरी भी होता है।

रिपोर्ट के मुताबिक बुजुर्ग लोगों को प्रतिदिन 7,000 से 10,000 कदम या लगभग 3 से 3.5 मील तक चलना चाहिए।हालांकि, बुढ़ापे में सभी लोगों को अपने शरीर की ताकत के मुताबिक ही शारीरिक गतिविधियां करनी चाहिए।

पैदल चलते समय रखें इन बातों का ध्यान

सभी उम्र के लोगों को पैदल चलने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जो उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में योगदान देंगी।सैर करने की शुरुआत में अपनी गति को धीमा रखें और धीरे-धीरे करके ही दूरी को बढ़ाएं। अपने पास पानी की एक बोतल रखें और पैदल चलने से पहले और बाद में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं।साथ ही आपको पैदल चलने के लिए एक आरामदायक जूता पहनना चाहिए और हल्के कपड़े चुनने चाहिए।

रोजाना पैदल चलने के फायदे

रोजाना कुछ देर पैदल चलने की आदत आपके वजन को नियंत्रित रखने में मदद करेगी। इस गतिविधि के जरिए आपके दिल का स्वास्थ्य दुरुस्त रहेगा, ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखेगा और आपकी हड्डियां भी मजबूत रहेंगी।

इसके अलावा, रोजाना 30 मिनट पैदल चलने से आपका मूड भी अच्छा हो जाएगा, आपको आरामदायक नींद मिल सकेगी और आप ऊर्जावान भी बने रहेंगे।

आप पैदल चलने के अलावा नांच कर भी वजन घटा सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -181

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 180 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | ब | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | जा | नी | च | र | ■ | ■ | दद्दू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## पूजा हेगड़े को प्रशंसकों के पसंदीदा गीतों पर प्रस्तुति देना लगता है अच्छा



फिल्म अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने दुबई में दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (एसआई आईएमए) में बुट्टा बोम्मा और सिटी मार जैसे लोकप्रिय ट्रैक पर शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा, प्रशंसकों के पसंदीदा गीतों पर प्रदर्शन करना उनके लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहता है।

उन्होंने कहा, प्रशंसकों के पसंदीदा गानों पर परफॉर्म करना हमेशा एक अविश्वसनीय अनुभव होता है। उनका अटूट प्यार ही इसे इतना खास बनाता है।

अभिनेत्री ने कहा, दर्शकों की ऊर्जा और शहर का माहौल वाकई बेमिसाल है। परफॉर्म करते हुए मुझे बहुत मजा आया।

बता दें कि दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 14 और 15 सितंबर को दक्षिण भारतीय सिनेमा के तत्वावधान में (एसआईआईएमए) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने, अला वैकुंठपुरमुलू के ट्रैक बुट्टा बोम्मा, बीस्ट के अरबी कुथु और दुव्वादा जगन्नाधम के हाई-एनर्जी सीटी मार पर परफॉर्म किया।

अभिनेत्री की अगली फिल्म शाहिद कपूर के साथ एक्शन थ्रिलर देवा है, जिसे निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने निर्देशित किया है। वह सूर्या 44 में भी नजर आएंगी।

पूजा ने कहा, हमारा काम मनोरंजन करना है, और पुरस्कार समारोह हमें यह सर्वश्रेष्ठ करने को प्रेरित करता है। पुरस्कार प्राप्त करना एक अविश्वसनीय एहसास है और इस वर्ष सभी योग्य विजेताओं को बधाई।

उन्होंने कहा, मेरा इस एसोसिएशन से बहुत अच्छा जुड़ाव है और इस कार्यक्रम में मेरे पिछले प्रदर्शन के दौरान मुझे जो प्यार मिला, वह अविश्वसनीय था। मैं इस वर्ष भी अपने प्रदर्शन के लिए उत्साहित हूं।

समारोह में पूजा के अलावा निधि अग्रवाल, श्रिया सरन, अविका गोर, शानवी श्रीवास्तव, नेहा शेट्टी, फारिया अब्दुल्ला और अशोक गल्ला ने प्रस्तुति दिया।

करियर की बात करे तो पूजा ने साल 2010 के आई एम शी-मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में दूसरी रनर-अप थीं। साल 2012 में उन्होंने तमिल फिल्म मुगामूडी से अभिनय की शुरुआत की। उनकी पहली तेलुगु फिल्म 2014 में ओका लैला कोसम के साथ आई। इसमें नागा चैतन्य मुख्य भूमिका में थे।

उन्होंने 2016 में एक्शन फ़िल्म मोहनजो दारो से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसे आशुतोष गोवारिकर ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फ़िल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में थे और यह प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता पर आधारित थी।

पूजा हाउसफुल 4, राधे श्याम, सर्कस और हाल ही में किसी का भाई किसी की जान जैसी हिंदी फ़िल्मों में नज़र आ चुकी हैं।

## कंगना शर्मा ने रिवीलिंग आउटफिट पहन दिए पोज



फिल्म ग्रेट ग्रेंड मस्ती और उल्लू एप पर सबसे ज्यादा बार देखी जाने वाली वेब सीरीज मोना होम डिलीवरी फेम एक्ट्रेस कंगना शर्मा इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस कंगना शर्मा अपने बोल्ड व सेक्सी अवतार के लिए जानी जाती हैं. कंगना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बोल्डनेस का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस कंगना शर्मा इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों से तहलका मचा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से सेक्सी तस्वीरें शेयर की हैं. कंगना ने एनिमल प्रिंटेड थाई-हाई स्लिट गाउन पहना है, लाइट मेकअप के साथ बाल खुले रखे हैं और सेक्सी पोज देते हुए नजर आ रही हैं. यूजर्स का एक्ट्रेस की खूबसूरती से नजरें हटाना मुश्किल हो रहा है. बॉलीवुड डिवा कंगना शर्मा का अपने फिटनेस के पीछे छिपे राज को लेकर कहती हैं कि वह अच्छी और हेल्थी डाइट फॉलो करती हैं।

बता दें कि कंगना शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2012 में एक मॉडल के रूप में की थी। कंगना शर्मा हार्डी संधू का यार नी मइला, पूजा सिंह के परदें मैं फिर से, नछत्तर गिल का जान लेन तक, जॉनी सेठ का ब्यूटी ओवरलोड और इक्का के निंद्रा जैसे म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।

# मवेशियों की धरपकड़ व अपराधियों पर हो कार्यवाही

**कोरिया।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने, अपराधियों पर नकेल कसने और यातायात प्रबंधन सहित अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।



कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को हटाने के लिए नगरीय निकाय, पशुपालन और जनपद पंचायत के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बैठे मवेशियों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए मवेशियों के मालिकों का चिन्हांकन कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि अपराधियों के मन में कानून का डर होना चाहिए, जबकि आम जनता के साथ पुलिस का दोस्ताना व्यवहार बना रहे। यातायात प्रबंधन को लेकर बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग को सुव्यवस्थित करने के लिए नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। घड़ी चौक में बने पार्किंग स्थल का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आम जनता को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। श्री परिहार ने अवैध नशीली पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मालवाहक वाहनों में ओवरलोडिंग और सवारियों को बैठाने पर भी सख्त कदम उठाने की बात कही। बैठक में चिटफंड कंपनियों के अवैध संचालन पर तत्काल कार्यवाही और अन्य राज्यों से आने वाले लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में डीजे (डिस्क जॉकी) और माउंटेन व्हीकल के संचालन पर प्रतिबंध लगाने और सड़कों किनारे लगने वाले पंडालों को हटाने की बात कही गई। इस बैठक में अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गणेश प्रतिमाओं का किया विसर्जन



**कोरिया बैकुंठपुर।** श्री गणेश जी का विसर्जन श्री अनंत चतुर्दशी के दिन बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्तों ने रंग-गुलाल उड़ाकर गणपति बप्पा को विदाई दी। इस दौरान पूरे जिले में उत्सव का माहौल रहा। जगह-जगह शोभायात्राएँ निकाली गईं, जिनमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। गणेश भक्तों के उत्साह और श्रद्धा ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से गणेशोत्सव की शुरुआत होती है. भगवान गणेश की उपासना चतुर्दशी तिथि तक होती है. श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना चतुर्थी तिथि को की जाती है और विसर्जन चतुर्दशी तिथि को किया जाता है. ये नौ दिन गणेश नवरात्रि कहे जाते हैं. मान्यता है कि प्रतिमा का विसर्जन करने से भगवान पुन: कैलाश पर्वत पर पहुंच जाते हैं. स्थापना से ज्यादा विसर्जन की महिमा होती है. इस दिन अनंत शुभ फल प्राप्त किए जा सकते हैं. इसलिए इस दिन को अनंत चतुर्दशी भी कहते हैं. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, श्रीवेद व्यास ने गणेश चतुर्थी से श्रीगणेश को महाभारत कथा लगातार दस दिन तक सुनाई थी. दस दिन बाद जब वेद व्यास जी ने आंखें खोलीं तो पाया कि दस दिन की मेहनत के बाद गणेश जी का तापमान बहुत बढ़ गया है. ऐसे में वेद व्यास जी ने तुरंत गणेश जी को निकट के सरोवर में ले जाकर ठंडे पानी से स्नान कराया था. कहते हैं कि इसीलिए गणेश स्थापना कर चतुर्दशी को उनको शीतल किया जाता है।

## कोयलांचल क्षेत्र में विराजे भगवान विश्वकर्मा



**चरचा कालरी।** कोयलांचल क्षेत्र नगर पालिका शिवपुर चर्चा में निर्माण के देवता के रूप में पूजित देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का भक्ति भाव एवं धूमधाम से पूजा अर्चना की गई औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ निर्माण से संबंधित हर तरह के कामकाज में जुड़े लोगों के साथ ही क्षेत्र के समस्त वाहन मालिकों चालकों ने नियम पूर्वक विधि विधान के साथ आदि शिल्पी की पूजा समर्पण भाव के साथ किया इस दौरान विशेष रूप से कामना की गई कि कामकाज के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो कामकाज में बढ़ोतरी हो चर्चा वेस्ट खदान मुहारा ,फिल्टर प्लांट ,रेक्टिफायर ,चर्चा ईस्ट वर्कशॉप ,ऑटो वाहन चालक संघ ,विश्वकर्मा समाज ,नगर पालिका फिल्टर प्लांट , रेलवे के विभिन्न कार्यालय सहित कई जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई क्षेत्र में शून्य दुर्घटना के साथ लक्ष्य की कामना की गई। दुनिया को रचने वाले विश्वकर्मा भगवान की जयंती हर वर्ष 17 सितंबर को मनाई जाती है सृष्टि के सृजन करता और प्रथम शिल्पकार के रूप में विश्वकर्मा भगवान जी की जयंती मनाई जाती है पुराणों के अनुसार भगवान ब्रह्मा के कहने पर विश्वकर्मा जी ने दुनिया को रचा था हिंदू धर्म में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण रचना और सृजन देवता माना जाता है भगवान विश्वकर्मा की पूजा विशेष रूप से कारीगर,शिल्पकार ,इंजीनियर ,आर्किटेक्ट, वाहन चालक और निर्माण कार्य से जुड़े लोगों और संस्थाओं द्वारा की जाती है मान्यता है कि विश्वकर्मा जयंती के दिन औजारों ,मशीनों और उपकरणों की पूजा अवश्य करनी चाहिए इससे भगवान विश्वकर्मा की कृपा मिलती है और कार्य सुचारू रूप से चलता है सफलता मिलती है।

## वसुंधरा ग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पशु स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा कोरिया जिले के बैकुंठपुर एवं खडगवां जनपद के 16 परियोजना ग्रामों में 24 अगस्त 2024 से 11 सितम्बर तक पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने ग्रामीण किसानों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया और उनसे बचाव के उपायों पर जानकारी साझा की। शिविर के दौरान गाय, बकरी, बैल, और भैंस सहित विभिन्न प्रकार के पशुओं का नि:शुल्क इलाज किया गया। कुल 16 ग्रामों में 922 पशुओं को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे किसानों को उनके पशुओं की सेहत में सुधार के लिए सहायता मिली। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुपालन के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाना और पशुओं को बीमारियों से सुरक्षित रखना था। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन की स्वास्थ्य स्थिति और उत्पादकता में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में WOTR संस्था से अंशुमन पंडा, अंशुल सिंह, देवेंद्र बैरागी, दीपक गोस्वामी, दीपक सकत, सूरज यादव, पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर, और ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस शिविर की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों के आयोजन पर जोर दिया।

## चिकित्सक का मनाया जन्मदिन

**बैकुंठपुर कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम सिंह पैकरा ,और भाजपा नेता एवं आमापारा सरपंच मोहित राम पैकरा,एवं प्रदेश संगठन सह सचिव छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन अशोक लाल कुर्रे के जन्मदिन के अवसर पर अ,ज, जा,शासकीय सेवक संघ कोरिया एवं आजाक्स संघ कोरिया के द्वारा केक काटकर और मिठाई खिलाकर धूमधाम से जन्मदिन मनाएं जन्मदिन के अवसर पर विश्वास भगत,रविंद्र सिंह, डॉक्टर चन्दे, चंद्रिका पैकरा,अशोक पैकरा,सुरेश इक्का,दीपक तिर्की, संजय कुर्रे,महेंद्र साहू,भारत यादव,कृष्ण पैकरा,राजा बाबू,निलेश भगत,पवन पैकरा,कामेश्वर पैकरा,दिलीप मार्को,सहित एवं अन्य लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।



## कन्या स्कूल में माँ सरस्वती प्रतिमा की स्थापना के साथ न्यौता भोज का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** शाआकउमावि बैकुंठपुर में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की स्थापना मंत्रोच्चार सहित विधिवत पूजन के साथ सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सी. सिंह व पी. सिंह द्वारा पुरोहित के माध्यम से स्थापना पूजन प्रारम्भ हुआ। पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती का पूजन व भोग प्रसाद अर्पित किया गया।

पूजन व हवन आरती के बाद भण्डारे के रूप में न्यौता भोज का आयोजन किया गया ।न्यौता भोज में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा एम. आई. एस. प्रशासक व्ही. एम. भट्ट,जिला नीति आयोग प्रभारी डॉ इरशाद अहमद ,पार्षद श्रीमती शिल्पा गुप्ता,रजनीश गुप्ता,प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता एवम गणमान्य नागरिको के साथ उपस्थित बच्चों के बीच बैठकर स्वरूचि भोजन ग्रहण कर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत दिये जाने वाले भोजन को और ज्यादा पोषण बनाने के लिए न्यौता भोजन स्कूल में मिलने वाले मिड डे मील के अलावा दिया जाने वाला अतिरिक्त पोषण युक्त भोजन है।न्यौता भोजन जनमानस के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है।इसी कड़ी में आज के न्यौता भोज कार्यक्रम में पूड़ी,सब्जी, दाल,चावल, खीर,अचार,पापड़,सलाद आदि की व्यवस्था पार्षद शिल्पा रजनीश गुप्ता के द्वारा किया गया।

विद्यालयीन स्टाफ़ व बच्चे माँ सरस्वती जी की स्थापना व न्यौता भोज में अपने बीच जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता को पाकर बहुत उत्साहित नजर आए।कार्यक्रम में जिला नीति आयोग के जिला प्रभारी डॉ इरशाद अहमद की उपस्थिति में सभी स्टाफ़ व बच्चों के बीच स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में आर. एल. गौतम, सुमन गुप्ता, शाहिस्ता अंजुम अली, ।मीनाक्षी जायसवाल, के. सोनवानी, के. शिवहरे, जे. दुबे,एस. श्रीवास्तव, विविन कुमार मिश्रा, अनुराधा सोनपाकर, एन. के. दिवाकर, अल्फा वरवा, अभिषेक गुप्ता, सुमित्रा गुप्ता, श्रध्दा गुप्ता, शुशीला मेरी खलखो, एस बानो,राकेश कुमार देवांगन, विवेक पांडेय, सविता सिंह, योगेंद्र कुशवाहा, सुमित्रा,नीलिमा गोयन, विनीता, शीलवन्ती सहित अध्ययनरत छात्रायें उपस्थित रहीं।

## मोदी की संकल्पना की प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत: मोदी की संकल्पना थीम पर सूरजपुर ऑडिटोरियम (तिलसिवां) में फोटो प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री भूलन सिंह मराबी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई दी। फोटो प्रदर्शनी में आये नगरवासियों को श्री नरेंद्र मोदी के बचपन, पाठशाला, माँ से मिले संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारियों को जानने का मौका मिला।

## हितग्राहियों के खातों में जारी हुए, प्रथम किस्त की राशि

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत केंद्र सरकार से वित्त वर्ष 2024- 25 में राज्य को वृहद पैमाने पर 8,46,931 नए आवास बनाने का लक्ष्य प्राप्त है।

## कलेक्टर ने स्वच्छता की दिलायी शपथ



**कोरिया।** 17 सितंबर को ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' पखवाड़ा का जिले में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रट सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री अरूण मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आवास योजना के लिए प्रधानमंत्री ने डीबीटी किए 16 करोड़ 96 लाख रुपए



**कोरिया।** जन्मदिन के शुभ अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरिया जिले के हजारों परिवारों को पक्के मकान का मालिक बनने के लिए लगभग 17 करोड़ रूपए सीधे हस्तांतरित किए। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिले के 4 हजार 240 पात्र हितग्राहियों को आज उनके आवास योजना की प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी हितग्राहियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर करते हुए सीधे हितग्राही के खातों में आदान राशि प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिले में 2024-25 में वंचित वर्ग के 5 हजार 244 हितग्राहियों को आवास योजना में लाभान्वित किया जाना है। इसके अंतर्गत आज बैकुंठपुर जनपद पंचायत में 2 हजार 950 पात्र हितग्राहियों को तथा सोनहत जनपद पंचायत में 1 हजार 290 पात्र हितग्राहियों को प्रथम किश्त राशि प्रदान कर दी गई है। राज्य स्तरीय समारोह में आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लाखों हितग्राहियों को योजना का लाभ देते हुए डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित किया है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सभी हितग्राहियों को जल्द पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए मैदानी अमले के द्वारा हर संभव मदद करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## अब तक 1049.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**कोरिया।** भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से प्रतिवेदित दिनांक तक 1049.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तहसील बैकुण्ठपुर में 1022.6, सोनहत में 967.7, पटना में 1281.4 एवं पोड़ी बचरा में 926.6, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। तहसील बैकुण्ठपुर में 37.7, सोनहत में 90.3, पटना में 60.1 एवं पोड़ी बचरा में 84.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## धूमधाम से किया गया भगवान गणेश मूर्ति का विसर्जन

**रामानुजगंज।** नगर में धूमधाम से गणेश मूर्ति का विसर्जन किया गया। नगरवासियों के द्वारा महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट में गणेश मूर्ति का विसर्जन नम आंखों से उफ्नती नदी में किया। नगर में सैकड़ो की संख्या में गणेश मूर्ति इस वर्ष रखी गई थी जिससे पूरे नगर का माहौल भक्ति में रहा। गौरतलब है कि विगत कुछ वर्षों से नगर में गणेश पूजा की विशेष धूमधाम देखने को मिल रही है। पहले जहां कुछ स्थानों पर ही गणेश मूर्ति रखी जाती थी। वहीं अब सैकड़ो घरों में एवं सार्वजनिक स्थानों पर गणेश मूर्ति रखी जा रही है बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक में गणेश पूजा में भक्ति भाव में डूबे दिख। गणेश पंडालों के द्वारा प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## स्थानीय साप्ताहिक बाजार परिसर में की गई साफ सफाई

**सूरजपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के तहत पहला ही दिन स्थानीय साप्ताहिक बाजार परिसर की साफ सफाई करते हुए बाजार परिसर से प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया गया। इस अवसर कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने कहा की स्वच्छता हमारे स्वभाव और संस्कार का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। अपने दैनिक जीवन सहित हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता को अपनाते हुए कार्य करने की आवश्यकता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए करें नियमित मॉनिटरिंग : कलेक्टर

**सूरजपुर।** समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जिले में संचालित सभी योजनाओं की विभागवार जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल, सर्व एसडीएम सहित अन्य संबंधित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए जिले में सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिले के आकांक्षी विकासखंड प्रतापपुर में नीति आयोग अंतर्गत सामाजिक आर्थिक विकास हेतु क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के लक्ष्यों को लेकर उनकी प्रगति पर चर्चा की। बैठक में जिले में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा उल्लास कार्यक्रम के तहत साक्षरता कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। नगरीय निकायों के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के सफ्ल क्रियान्वयन के लिए उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस योजना अंतर्गत जारी राशि के दुरुपयोग होने के मामलों को लेकर जानकारी प्राप्त की और सभी अधिकारियों को समय सीमा में निर्माण कार्य पूरे करवाने पर ही राशि जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सॉइल हेल्थ कार्ड, राशन कार्ड और ई केवाईसी,जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान, पेंशन प्रकरणों, सुरक्षित मातृत्व अभियान, चिरायु योजना, राशन कार्ड निर्माण की स्थिति, स्वच्छा ग्राहियों का शत प्रतिशत ई श्रम पंजीयन का, विश्वकर्मा योजना का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी की स्थिति, बच्चों में कुपोषण की स्थिति, विकलांगों का यू डी आई डी कार्ड बनाने का जायजा लेते हुए ग्राम पंचायत वाइस विकलांगता प्रमाण पत्र शतप्रतिशत बनवाने, केसीसी कार्ड, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश किए।

## तालाब में डूबने से बच्चों की मौत

**रायपुर।** राजधानी के न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में दो मासूमों बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार न्यू राजेंद्र नगर के अपना गार्डन के पास तालाब में दोनों बच्चे तालाब में नहाने गये थे। इस दौरान गहरे पानी में जाने से डूब गये।

## विशेष शिविर का आयोजन

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन द्वारा पंडो जनजाति के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत भवनों में निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप 18 दिसम्बर 2024 तक युद्धस्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो परिवारों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने की स्थिति हेतु सभी पढ़ी जनजाति निवासरत ग्रामों का सर्वे कराया गया है। सर्वे अनुसार परिवार व सदस्य-वार जानकारी संबन्धित विभागों की आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराया गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो परिवारों को मूलभूत गोजनाओं से शत-प्रतिशत संतृप्ति किए जाने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन कर लाभान्वित करने हेतु रोस्टर अनुसार शिविर स्थल एवं तिथि निर्धारण कर किया जाता है। सर्व संबन्धित विभाग के जिला अधिकारी अपने जिम्मेदार मैदानी अगले की उपस्थिति निर्धारित तिमियों में सुनिश्चित करते हुए सर्वे की व्यक्तिधार अद्यतन जानकारी परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना सूरजपुर को उपलब्ध कराएंगे। विशेष शिविर के आयोजन हेतु संबन्धित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी एवं मण्डल संयोजक आदिवासी विकास सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गये हैं। नोडल अधिकारी रोस्टर अनुसार ग्रामों में विशेष शिविर का आयोजन पश्चात प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना सूरजपुर को उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे।

## कलेक्टर ने दिए प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

### आम लोगों की समस्याओं का करें समाधान

**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समय पर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने जाति-निवास-आय प्रमाण पत्र वितरण की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र शीघ्र जारी किए जाएं। साथ ही पशुपालन विभाग को मवेशियों के टीकाकरण पर जोर देने और पशुपालकों को मवेशियों को खुले में न छोड़ने के लिए



जागरूक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि के मुआवजा प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने और जर्जर सरकारी भवनों की पहचान कर उन्हें डिस्मेंटल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए, कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को रेडक्रॉस सोसायटी का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण को शीघ्र पूर्णता के निर्देश भी दिए। बैठक में शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएम श्री स्कूल और स्कूल जतन योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें योजना का लाभ देने के लिए महाप्रबंधक उद्योग को भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कृषि विभाग से रबी फसल के लिए खाद-बीज की मांग पर जानकारी ली और धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, और रागी जैसी वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए, संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व मामलों, मजदूरी भुगतान, सहित अन्य मामलों से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए।

# हमले में घायल कोल कर्मी को बोलने में मुश्किल, दबोचे गए पांच आरोपी

### घटना में प्रयुक्त स्टील पाइप और तीन बाइक बरामद

**कोरबा।** कोरबा जिले के कोलफील्ड्स दीपका क्षेत्र में एक एसईसीएल कर्मचारी और श्रमिक नेता के साथ इस कदर मारपीट की गई कि उसे बात करने में मुश्किल हो रही है। काफी समय तक उपचार के बावजूद स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। दीपका पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त स्टील पाइप और तीन बाइक बरामद की गई है।

5 अगस्त 2024 को यह घटना हुई थी। दीपका के श्रमिक नेता पीड़ित मनमीत सिंह पर आरोपी नवल सिंह और उसके साथियों ने पाली रोड दीपका में जानलेवा हमला किया था । शिकायतकर्ता प्रशांत विश्वास ने बताया कि नवल सिंह और उसके साथियों ने मिलकर मनमीत को जान से मारने की धमकी देकर गालियां थी और



*घायल मनमीत सिंह।*



*घटना को अंजाम देने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में।*

स्टील के पाइप से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया । इस जानलेवा हमले के बाद मनमीत सिंह को गंभीर हालत में एनसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी चोटों को गंभीर बताकर तत्काल गहन चिकित्सा के लिए अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में रेफर कर दिया। उनके परिजनों ने बताया कि बेटे मनमीत पर आरोपियों ने जानलेवा हमला किया गया था जहां उनके जबड़े में गंभीर चोट लगा है जिसे अभी तक वह बात नहीं कर पा रहे है । घटना के बाद श्रमिक नेताओं ने भी इस पूरे घटनाक्रम को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी और आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की थी ।

विवेचना के दौरान डॉक्टर की रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर दीपका पुलिस ने धारा 296,351(2), 115.3(5),109, 190, 191 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत मिलने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों को 01 अक्टूबर 2024 तक न्यायिक हिरासत में भेजने की अनुमति मांगी है। मामले की जांच अभी जारी है, और पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

### *जांच पड़ताल के साथ की कार्रवाई*

*कोयलांचल में अपने तरह का यह गंभीर मामला था, जिसकी जांच पुलिस कर रही थी। जांच के दौरान आरोपी नवल सिंह, रोशन कुमार सिंह, मोहम्मद अलताफ, साहिल अहमद और अजीत विश्वकर्मा उर्फ कल्लू बिहारी को बीते दिवस 17 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया स्टील पाइप और तीन मोटर साइकिलें बरामद कीं।*

***-युवराज तिवारी, थाना प्रभारी दीपका***

# शुद्ध वायु के लिए हरियाली जरूरी: लता

**कोरबा।** जनपद अध्यक्ष लता मुकेश कंवर ने कहा कि समय-समय पर तालाबों की सफाई कर उसके तटों पर छायादार वृक्ष लगाने चाहिए। हरियाली और शुद्ध वायु के लिए यह जरूरी है।

सेवा स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ पर लता ने यह बात कही। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घर मोहल्ले व गांव को साफ रखें। उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर ने स्वच्छता में देवत्व की उपस्थिति बताई और कहा कि इसकी शुरूआत खुद से की जाएगी तो बहुत सारे लोगों को जागरूक किया जा सकेगा। उनका कहना था कि अगर हर कोई जागरूक होगा तो गंदगी नहीं हो सकती। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन और



प्रभारी सीईओ प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर 2 अक्टूबर तक पखवाड़ा चलेगा। इसके अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम, स्कूली रैली, हाथ धुलाई, स्वच्छता शपथ सहित अन्य गतिविधियों पर काम होना है। सीईओ यशपाल सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नशे से सावधान किया पुलिस ने

**कोरबा।** शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा के प्राकट्य अवसर पर मलदा गांव में आयोजन किया गया । बड़े स्तर पर यहां यह पूजा हुई। कटघोरा पुलिस ने सजग कोरबा अभियान के अंतर्गत यहां पहुंचकर लोगों को नशे की बुराइयों को बताने के साथ उन्हें इससे दूर रहने को कहा।

कटघोरा टाउन इंस्पेक्टर धर्मनारायण तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की हमेशा से इस बात को दोहराया जाता रहा है कि नशा नाश की जड़ है और यह किसी को भी नहीं छोड़ता। जन स्वास्थ्य के लिए नशा काफी खतरनाक है और इसके दुष्प्रभाव सामने आते रहे हैं। इसके चक्कर में पढ़ने



से नाक के बाल स्वास्थ्य पर असर पड़ता है बल्कि व्यक्ति के सामने आर्थिक चुनौतियां पेश आती हैं। कोरबा जिले में चलाए जा रहे अभियान के बारे में उन्होंने ग्रामीणों को अवगत कराया और कहा की हर किसी को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। काफी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए जिन्हें शपथ दिलाई गई कि वह सभी प्रकार के नशे को हतोत्साहित करने के लिए अपनी जिम्मेदार भूमिका का निर्वहन करेंगे।

# डूबने से मौत, पंचनामा के लिए पांच किमी पैदल चली पुलिस

### सागबाड़ी में मिला ग्रामीण का शव

**कोरबा।** जिले के सीमांत क्षेत्र में हुई घटना में जनजाति परिवार के एक सदस्य की संदिग्ध मौत हो गई। उसका शव सागबाड़ी क्षेत्र में मिला। मोरगा पुलिस को पंचनामा की कार्यवाही के लिए पांच किलोमीटर की पदयात्रा करनी पड़ी।

बांगो पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले मोरगा चौकी क्षेत्र में यह घटना हुई। यहां से पहुंचविहीन इलाके में 55 वर्षीय सुखनंदन सिंह नेताम की मौत होने की खबर सागबाड़ी के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी। यह इलाका यहां से काफी दूर है और संपर्क साधन से विहिन है। सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस की टीम ने गांव के लिए कूच किया। चौकी प्रभारी भीम सिंह यादव ने बताया कि नेताम की मौत पानी में डूबने से हुई। उसके शव को आसपास के लोगों ने देखा। जिस तरीके से सूचित किया गया उससे लगा कि मामला गंभीर हो सकता है। वहां जाने पर पता चला कि सागबाड़ी नामक जंगल में एक स्थान पर पानी भरा हुआ था और वहां नेताम मृत पड़ा था। पूछताछ करने पर लोगों ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। कयास लगाया जा रहा है कि अधिक मात्रा में शराब पीने के कारण वह उस स्थान तक पहुंचा होगा और फिर घर नहीं लौट सका। बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम किया गया है। शव पीएम के लिए भेजा है।

***कोरबा।** मुड़ापार-अमरैया बायपास मार्ग की स्ट्रीट लाइट काफी दिनों से बंद है।

### युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया

**कोरबा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कई मंडलों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये गए। कटघोरा में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा चिकित्सालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष समजीत सिंह, जय गर्ग, अनुराग दुहलानी, विवेक मारकण्डे, किशन केशरवानी सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल, धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, पवन गर्ग, टेकचंद अग्रवाल, संतोष देवांगन सहित भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। हरीदबाजार मंडल के तिवरता स्थित मनकी दाई मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरीश थरवानी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। दीपका क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फल वितरण किया। इस कार्य में सूर्यप्रकाश शर्मा, राजू प्रजापति, सुजित सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। खम्हरिया में भी कल स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बांकीमोंगरा के मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, दर्शन सिंह चावला सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान भी चलाया। कोसाबाड़ी नगर मंडल स्थित शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों को संगठन से जोड़ा गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, सुमन सोनी, रमा मिरी, राजेंद्र सोनी, हरेराम साहू सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। कोरबा मंडल के उपाध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने बताया कि इस मंडल में योगेश मिश्रा को स्वच्छता पखवाड़ा का प्रभारी बनाया गया है। आने वाले दिनों में इस मंडल में भी कार्य किए जाएंगे।

# हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने चोटिया चौक पर किया चक्काजाम, क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाए जाने की मांग

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज में 48 हाथियों का दल लगातार डेरा डालकर ग्रामीणों के फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान हैं। परेशान ग्रामीणों ने आज अपनी मांगों को लेकर चोटिया चौक पर धरना देने के साथ ही चक्काजाम कर दिया, जिससे इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ। ग्रामीणों द्वारा इसकी चेतावनी पहले ही एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा को ज्ञापन सौंपकर दी गई थी। कहा गया था कि उनकी मांगों को शीघ्र ही पूरा नहीं किया गया तो वे 18 सितंबर को चोटिया चौक पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार चोटिया, कोरबी एवं आसपास के हाथी प्रभावित गांव के लोग आज सुबह चोटिया चौक





पर एकत्रित हुए और धरना देने के साथ चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों द्वारा किए गए चक्काजाम के कारण मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार भी लग गई। ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलने पर प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे और प्रदर्शन जारी रखा। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी है और प्रशासन तथा वन विभाग के अधिकारी उनको मनाने की कोशिश कर रहे हैं।


इस बीच क्षेत्र में मौजूद हाथियों ने सिटीपखना तथा बड़काबहरा क्षेत्र में ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर फिर बड़ी मात्रा में फसल को रौंद दिया है। हाथियों को कल शाम बड़काबहरा क्षेत्र में एक साथ देखा गया। एक स्थान पर बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। वहीं ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे हाथियों को देखने के लिए मौके पहुंच गए थे। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। वन विभाग द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया।

इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद दो हाथियों में से एक दंतैल हाथी ने धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है। दंतैल ने अपने साथी से अलग हुआ और मूव्हमेंट करने के साथ ही जंगल ही जंगल होते हुए कुदमुरा वन परिक्षेत्र की सीमा को पार कर धरमजयगढ़ के जंगल में प्रवेश कर लिया। खतरनाक लोनर के बाद क्षेत्र में मौजूद एक और दंतैल के अन्यत्र जाने से वन विभाग के साथ-साथ ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। एक हाथी अभी भी कुदमुरा वन परिक्षेत्र के जंगल के कक्ष क्रमांक 1140 में जमा हुआ है। जिसकी निगरानी वन विभाग कर रहा है।

# नृत्य प्रस्तुति : मोहपाश में बांधा दर्शकों को

**कोरबा।** चपलता, भावभंगिमा, कौशल और लय-ताल के साथ प्रतिभाओं ने जब मंच पर नृत्य की प्रस्तुति की तो मौजूद दर्शक सम्मोहित मुद्रा में आ गए। आयोजन था ग्राम पंचायत तिवरता में। राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता में सारंगढ़ जिले के मयूरी डांस ग्रुप प्रथम रहा। उसे 15000 रुपए का नगद पुरस्कार और शील्ड दिया गया।

प्रतियोगिता में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए। दूसरे स्थान पर महासमुंद शिव शक्ति डांस ग्रुप और तीसरे स्थान पर कोरबा की आइडल डांस ग्रुप ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और कहा, इस प्रकार के आयोजनों से नई प्रतिभाओं को मौका मिलता है जो आगे चलकर जिले और राज्य का नाम रोशन करते हैं। ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को



मंच प्रदान करने के साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डांस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सुशील तिवारी, वीरेंद्र राठौर और ज्ञान जायसवाल शामिल थे, जिन्होंने प्रतिभागियों के नृत्य कौशल का मूल्यांकन किया। विजेता टीम मयूरी डांस ग्रुप को 15000 रुपये, द्वितीय विजेता को 7777 रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 5555 रुपये का नकद पुरस्कार व शील्ड से सम्मानित किया गया। वहीं सोलो डांस में भी प्रथम विजेता टीम को 5555 द्वितीय टीम को 3333 और तृतीय प्रतिभागियों को 2222 रुपए का नगद पुरस्कार के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य राजकुमार धूल्यानी ने बताया कि यह प्रतियोगिता लगातार 5 वर्षों से हो रहा है इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी कला दिखाने का एक मंच देना है। उन्होंने इस वर्ष भी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की भागीदारी पर खुशी जताई। इस अवसर पर दीपका महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. ममता ठाकुर भी कार्यक्रम में उपस्थित थी उन्होंनेअपने विचार रखते हुए कहा कि नृत्य कला के प्रतिभा हर किसी के पास नहीं रहती इसके माध्यम से शरीर स्वस्थ भी रहता है । इस अवसर पर मंजू जायसवाल, संजना धुल्यानी, सोनम धुल्यानी, हरीश थारवानी, राजेश पांडे, मन्नू राठौर उपस्थित रहे।

### सड़कों की दुर्गति से परेशान हो रहे नागरिक

**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में मुख्यमार्ग, पीएच रोड, टीपी नगर, बुधवारी से लेकर वीआईपी रोड और कोसाबाड़ी रोड की दुर्गति ने लोगों को परेशान कर रखा है। बारिश के पहले ही हालात अच्छे नहीं थे। बाकी कसर बारिश ने पूरी कर दी। वर्तमान में सभी क्षेत्रों में गड्ढे समस्या का कारण बने हैं तो मौके से उड़ने वाली डस्ट भी परेशानी पैदा कर रही है। नागरिकों ने इसके समाधान को लेकर प्रशासन व निगम को कहा है। कहा गया है कि केवल औपचारिक कोशिश न की जाए क्योंकि इससे नतीजे आने से रहे।




# दुकालू के गीतों ने झूमने को किया मजबूर





**कोरबा।** कटघोरा में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति ने प्रतिमा विसर्जन के बाद देवी गीतों पर आधारित भजन संध्या का कार्यक्रम किया। छत्तीसगढ़ के जाने-माने कलाकार दुकालू श्रीवास के गीतों पर श्रोता जमकर झूमे। देवरात्रि तक यह कार्यक्रम यहां पर चला।

जिले में सबसे महंगे बजट वाला गणेश उत्सव इस वर्ष कटघोरा कस्बे में आयोजित हुआ। इसके लिए काफी समय से तैयारी की जा रही थी। उत्सव के अंतर्गत कई प्रकार के आकर्षण शामिल किए गए थे जिसने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। अनंत चौदस को हवन पूजन के बाद प्रतिमा विसर्जन किया गया। इसके एक दिन के बाद इसी परिसर में धार्मिक गीतों की प्रस्तुति हुई। प्रदेश के कलाकार दुकालू के द्वारा यहां पर अपने सुपर डुपर हिट गीतों को प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों में प्रस्तुतीकरण को बेहद खास बनाया। इसकी रिदम पर श्रोता सम्मोहित हुए बिना नहीं रह सके । काफी संख्या में इस कार्यक्रम को सुनने के लिए कटघोरा और आसपास से लोग पहुंचे हुए थे। मौके पर किसी तरह की आव्यवस्था निर्मित ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल डेप्लॉय किया गया था। नगर निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि सभी कार्यक्रमों के दौरान कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जाएगा। आयोजन समिति की ओर से बताया गया की 19 सितंबर को इसी स्थान पर एमपी के जबलपुर की शहनाज अख्तर गीतों की प्रस्तुति करेंगे। रात्रि 8:00 बजे से यह कार्यक्रम होना है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com